● जयपुर, शुक्रवार, 18 अक्टूबर 24● वर्ष 14 ● अंक 62 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @ 3 डीएपी खाद की कालाबाजारी पर कृषि विभाग का एक्शन :गोदाम...

पेज @ 4 आज खेला जायेगा खिताबी मुकाबला...

पेज @ 8 भाजपा में उपचुनाव जीतने की रणनीति तैयार, कांग्रेस के सामने अपनी सीट ...

# मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इंग्लैंड के मंत्री (इंडो-पैसिफिक क्षेत्र) और भारतीय मूल के चुनिंदा सांसदों से मुलाकात की

## निवेश के लिए मुख्यमंत्री ने ब्रिटेन के सांसदों, सरकारी अधिकारियों से सहयोग की अपील की, उन्हें 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया





**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी में निवेशकों से सफल संपर्क के बाद, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री सुश्री दिया कुमारी और राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों ने गुरूवार को ब्रिटेन सरकार की मंत्री (इंडो-पैसिफिक क्षेत्र) सुश्री कैथरीन वेस्ट के साथ मुलाकात की। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लंदन के पैलेस ऑफ वेस्टमिंस्टर में स्थित ब्रिटेन की संसद का दौरा किया और भारतीय मूल के चुनिंदा सांसदों के साथ बैठक की। इन बैठकों के दौरान, मुख्यमंत्री ने राजस्थान में इंग्लैंड की कंपनियों द्वारा निवेश के लिए ब्रिटेन सरकार से सहयोग की अपील की और 9-10-11 दिसंबर को जयपुर में आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में भाग लेने के लिए उन्हें आमंत्रित किया।

इसके बाद, मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी), हीरा निर्माण, और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों की यूके स्थित फर्मों से मुलाकात की और उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इन बैठकों में एलीमेंट सिक्स (डी बीयर्स ग्रुप की कंपनी जो सिंथेटिक डायमंड, प्रोसेसिंग टूल्स आदि का कारोबार करती है), स्यानकॉनोड (नैरोबैंड आरएफ मेश नेटवर्क विकसित करने में दुनिया की अग्रणी कंपनी), जेसीबी (जो कंस्ट्रक्शन और इंडिस्ट्रियल उपयोग वाले वाहन बनाती है और जिसकी राजस्थान में मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट है) और ट्रायम्फ मोटरसाइकिल्स (ब्रिटेन की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल निर्माता कंपनी) के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात शामिल है।

इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने वांडरलस्ट (जो इंग्लैंड की एक प्रमुख ट्रैवल पत्रिका और वेबसाइट है) के अधिकारियों के साथ भी मुलाकात की और उनसे राजस्थान को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए आमंत्रित किया। इस बैठक के दौरान प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जीवंत पि-रद्दश्य और वैश्विक यात्रियों को प्रेरित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे विविध कदमों पर भी चर्चा की गयी।

इन बैठकों के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, ''भारत और ब्रिटेन के बीच कई शताब्दियों पुराने संबंध हैं। हमने ब्रिटेन सरकार के अधिकारियों और सांसदों के साथ आज बहुत ही उपयोगी और व्यापक बातचीत की और इस दौरान, प्रदेश में निवेश लाने के प्रयासों में उनसे सहयोग करने की अपील की। इसके अलावा, प्रदेश में कारोबार स्थापित करने और नए निवेश के लिए वहां की कई कंपनियों के साथ हमलोगों ने चर्चा की और उनसे राजस्थान के अंदर मौजूद व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया।''

इसके अलावा, मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल आज शाम (लंदन समयानुसार) लंदन में 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टर मीट में भाग लेगा। इस दौरान राज्य के अंदर मौजूद व्यावसायिक संभावनाओं की जानकारी दी जाएगी और इंग्लैंड के निवेशकों को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान वहां की कई कंपनियों के साथ एमओयू पर भी हस्ताक्षर किये जाने की उम्मीद है। इसके अलावा, इस निवेशक रोड शो में हाल ही में स्वीकृत राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (आरआईपीएस) 2024 नीति को भी लॉन्च किया जाएगा।

निवेशक रोड शो के अलावा, आज दिन में (लंदन समयानुसार) कई प्रमुख कंपनियों के साथ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा। इनमें एक्सेटर यूनिवर्सिटी (शिक्षा क्षेत्र), अल्फा वेव ग्लोबल (प्राइवेट इक्विटी फर्म), रिन्यू पावर (अक्षय ऊर्जा) तथा इंडो यूके इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अधिकारियों से मुलाकात शामिल है। इन बैठकों के दौरान, प्रतिनिधिमंडल उन्हें राज्य में निवेशकों के अनुकूल बनाए जा रहे कारोबारी माहौल और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद अवसरों के बारे में अवगत कराएगा व उनकी निवेश योजनाओं में राजस्थान को शामिल करने का आग्रह करेगा।

इसके बाद, यह प्रतिनिधिमंडल गुरूवार शाम (लंदन समयानुसार) प्रवासी राजस्थानियों से मुलाकात के कार्यक्रम में हिस्सा लेगा। प्रवासी राजस्थानियों को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए राज्य सरकार एक विशेष अभियान चला रही है। इसके तहत, अनिवासी राजस्थानी समुदाय से जुड़ना और मातृभूमि के साथ उनके संबंधों को जीवंत बनाने की कोशिशें की जा रही हैं। इसके अलावा अनिवासी राजस्थानी समुदाय से राज्य में निवेश और नए व्यावसायिक उपक्रमों की स्थापना में सहायता करने का भी अनुरोध किया जाएगा।

इससे पहले अपनी जर्मनी यात्रा के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने जर्मनी सरकार के प्रतिनिधियों से बातचीत की थी और जर्मनी को 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के 'पार्टनर कंट्री' के रूप भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। इस यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अल्बाट्रॉस प्रोजेक्ट्स, फ्लिक्सबस, पार्टेक्स एनवी, वेडली टेक्निक्स जीएमबीएच और इंगो श्मिट्ज जैसी कई जर्मन कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके मद्देनजर 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के बैनर तले अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव आ चुके हैं।

मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के अलावा इंग्लैंड दौरे पर गए इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) शिखर अग्रवाल, उद्योग विभाग और ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट्स (बीआईपी) के आयुक्त रोहित गुप्ता और राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

# बाबा सिद्दीकी से भी बुरा हाल होगा...

## सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से मिली धमकी



**मुंबई/एजेंसी।**

महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री और नेशनल कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद देशभर में सनसनी फैला हुआ. शुक्रवार को बाबा सिद्दीकी के करीबी फिल्म अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिली है. उनको धमकी देने वाले ने वॉट्सऐप मैसेज पर 5 करोड़ रुपये की मांग की है. हालांकि, पुलिस ने इस धमकी को लेकर खुलासा किया है. इस धमकी में कहा गया है, 'इसे हल्के में मत लीजिए, अगर सलमान खान को जिंदा रहना है और लॉरेंस बिश्नोई से दुश्मनी खत्म करनी है तो उन्हें 5 करोड़ रुपये देने होंगे. पैसे नहीं दिए तो सलमान खान का हाल बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा.'

बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद मुंबई पुलिस काफी अलर्ट है. खासकर, अभिनेता सलमान खान को लेकर. वह बाबा सिद्दीकी के परिवार के काफी करीबी माने जाते हैं और उन्हें अक्सर जान से मारने की धमकी भी मिलती रहती है. शुक्रवार की सुबह जब उनको वॉट्सऐप मैसेज पर धमकी मिली तो पुलिस ने तुरंत इस कॉल को इंटरसेप्ट किया. उन्होंने बताया कि यह वॉट्सऐप मैसेज न तो लॉरेंस बिश्नोई की ओर से और ना ही किसी गैंगस्टर की ओर से की गई थी. वह एक प्रैंक वॉट्सऐप मैसेज था. पुलिस ने बताया कि किसी की शरारत थी.

**राजस्थान में गुंडा राज**

# जयपुर में आरएसएस के खीर वितरण कार्यक्रम में चाकू से हमला

## 8 स्वयंसेवक जख्मी, कुछ संदिग्ध हिरासत में

**चमकता राजस्थान**



जयपुर। राजस्थान में असामाजिक तत्वों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है घटना जयपुर के करनी विहार थाना अंतर्गत रजनी विहार की है जहाँ आरएसएस के खीर वितरण कार्यक्रम में कुछ असामाजिक तत्वों ने चाकुओं से हमला कर 8 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों को ज़ख़्मी कर दिया गया !

जानकारी के मुताबिक शरद पूर्णिमा पर हर साल होने वाले आरएसएस के खीर वितरण कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों ने चाकू और डंडे से हमला बोल दिया. घटना गुरुवार देर रात की है जब शरद पूर्णिमा के अवसर पर जयपुर के करणी विहार में खीर बांटे जाने का कार्यक्रम रखा हुआ था. इसी दौरान चाकू और डंडे लिए कुछ अज्ञात लोगों ने संघ कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया. हमले में 7 से 8 कार्यकर्ता घायल बताए जा रहे हैं. घायलों का जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल में इलाज चल रहा है. राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर, विधायक गोपाल शर्मा सहित अन्य लोग घायलों का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे. डीसीपी (पश्चिम) अमित कुमार ने कहा, ₹घटना में सात से आठ लोग घायल हुए हैं और उन्हें इलाज के लिए एसएमएस अस्पताल ले जाया गया है.राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रमुख अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि आरएसएस शरद पूर्णिमा के अवसर पर खीर बांटने का कार्यक्रम आयोजित कर रहा था, जहां अचानक चाकू और अन्य हथियारों से लैस हमलावरों ने सभा पर हमला कर दिया और लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया.

चतुर्वेदी ने कहा, ₹करणी विहार थानांतर्गत में रजनी विहार में आज संघ के कार्यक्रम के दौरान कुछ असामाजिक द्वारा संघ के स्वयंसेवकों पर हमला किया गया. सूचना मिलने पर तुरंत प्रभाव से एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचकर एवं सभी घायल स्वयं सेवकों को संभाला. घायलों का इलाज चल रहा है और उनकी चोटों की गंभीरता का पता लगाने के लिए चिकित्सा जांच की जा रही है. करणी विहार इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है. पुलिस हमले के पीछे की वजह का पता लगाने की कोशिश कर रही है. ₹

पुलिस ने बताया कि आरएसएस की जगदंबा शाखा के कार्यक्रम में नसीब चौधरी और उसके बेटे सहित कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर दिया जिन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया है,सभी के छाती और पेट में गहरे घाव हैं,घायल शंकर बागड़ा, मुरारीलाल, राम पारीक, लाखन सिंह जादौन, पुष्पेंद्र व दिनेश शर्मा एसएमएस भेजा है। 4 घायलों को पास धन्वंतरि अस्पताल भेजा।

# जहरीली शराब पीने से 30 से अधिक की मौत



**गोपालगंज/एजेंसी।**

बिहार के सारण और सिवान जिले में जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या 30 से अधिक हो गई है. सिवान जिले में सबसे अधिक मौत भगवानपुर प्रखंड के माघर गांव तथा उसके आसपास के गांवों में हुई है. माघर पंचायत में गुरुवार की शाम 4:00 तक आठ लोगों की मौत हो चुकी थी. वहीं 12 लोग अस्पताल में मौत से जूझ रहे थे. माघर गांव में पहुंची लोकल 18 की टीम वहां के लोगों से बात की बातचीत की, तो लोगों ने बताया कि एक के बाद एक मौत से गांव में हाहाकार मच गया था. लोगों ने पहली बार ऐसा लगातार मौत होते देखा और सुना था. इतने बड़े हादसे के बाद ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति भी आक्रोश देखा जा रहा है. ग्रामीणों का कहना था कि प्रशासन के लापरवाही के कारण माफिया शराब की बिक्री कर रहे है. जिससे आज इतने बड़े पैमाने पर लोगों की मौत हुई है. माघर पंचायत के मुखिया मनमोहन मिश्रा ने बताया कि 16 अक्टूबर की सुबह उन्हें सूचना मिली कि गांव के मोहन महतो को आंखों से दिखाई नहीं दे रहा है. सूचना मिलने पर वे मोहन महतो के घर पहुंचे और पूछे कि उसने शराब तो नहीं पी है. इस पर परिजनों ने बताया कि हां शराब पी है. इसके बाद उसे अस्पताल भिजवाया. थोड़ी देर के बाद एक और युवक की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली, उसे भी अस्पताल भिजवाया गया. इसके बाद लगातार लोग बीमार होते गए और अस्पताल जाने लगे. इसके बाद से गांव में हाहाकार मच गया। माघर पंचायत में जहरीली शराब पीने से मरने वालों में मुन्ना मियां, दारा मांझी, संतोष कुमार, मोहन साह, प्रभुनाथ राम, रामू , बुआई साह तथा विनय महतो शामिल हैं. वहीं अस्पताल में भर्ती लोगों में शैलेश शाह, दिनेश राम, मनोज महतो, जयशंकर शर्मा, सुनरदेव राय, भोला शर्म, मकबूल हाशमी, सुनील नट तथा शैलेश यादव शामिल हैं. सभी मृतक दैनिक मजदूरी करने वाले हैं।

# देश के रेलवे नेटवर्क में क्यों होते हैं सिग्नल फेल

देश का रेलवे बुनियादी ढांचा विशालतम होने के साथ बेहद पुराना है। इसके पुराने होने की वजह से भी विभिन्न कमियों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा मंडराता रहता है। हाल ही में सिग्नल की विफलता के कारण मैसूर–दरभंगा एक्सप्रेस चेन्नई के पास एक स्थिर मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे मजबूत सुरक्षा उपायों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश पड़ा। दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक होने के बावजूद, इस तरह की घटनाएं आधुनिकीकरण की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। दरअसल, भारतीय रेलवे के एक लाख किलोमीटर से अधिक फैले देशव्यापी ट्रैक नेटवर्क के जरिये प्रतिदिन करीब ढाई करोड़ यात्री अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते हैं।

साल 2019–20 की एक सरकारी रेलवे सुरक्षा रिपोर्ट में पाया गया है कि 70 फीसदी रेलवे दुर्घटनाओं के लिए उनका पटरी से उतरना जिम्मेदार रहा। इसके बाद ट्रेन में आग लगने और टक्कर लगने के मामले आते हैं, जो कुल दुर्घटनाओं में क्रमशः 14 और आठ फीसदी के लिए जिम्मेदार हैं। इस रिपोर्ट में साल 2019–20 के दौरान 33 यात्री ट्रेनों और सात मालगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं गिनाई गईं। इनमें से 17 दुर्घटनाएं में ट्रैक में खराबी के कारण हुईं। नौ हादसे ट्रेनों, इंजन, कोच, वैगन में खराबी के कारण हुए। ट्रेनों का पटरी से उतरना रेलवे के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। एक ट्रेन कई कारणों से पटरी से उतर सकती है। ट्रैक का रखरखाव खराब हो सकता है, कोच खराब हो सकते हैं और गाड़ी चलाने में गलती हो सकती है। ट्रेन हादसों को रोकने के लिए ट्रेन की पटरियों का मरम्मत कार्य होते रहना बहुत जरूरी है। धातु से बनी रेलवे पटरियां गर्मी के महीनों में फैलती हैं और सर्दियों में तापमान में उतार–चढ़ाव के कारण सिकुड़ती है। ऐसे में इनके नियमित रखरखाव की जरूरत होती है। जरा–सी लापरवाही बड़े हादसे की वजह बन सकती है। ढीले ट्रैक को कसना, स्लीपर बदलना और अन्य चीजों के अलावा, चिकनाई और समायोजन स्विच। इस तरह का ट्रैक निरीक्षण पैदल, ट्रॉली, लोकोमोटिव और अन्य वाहनों द्वारा किया जाता है।

कई वर्ग अभी भी मैन्युअल सिग्नलिंग पर भरोसा करते हैं, जिससे मानवीय त्रुटि का खतरा बढ़ जाता है, जो दुर्घटनाओं का एक महत्वपूर्ण कारक है। 2024 मैसूर–दरभंगा टक्कर सिग्नलिंग विफलता के कारण हुई। ट्रेन को गलत ट्रैक पर ले जाया गया। 2017 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना का कारण ट्रैक की खराब स्थिति को बताया गया था। अत्यधिक काम करने वाले कर्मचारी, विशेष रूप से लोकोमोटिव पायलट, अक्सर तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं, जिससे त्रुटियां होती हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 2021 की रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी सीधे सुरक्षा को प्रभावित करती है। कई भारतीय रेलगाड़ियां पुराने कोचों का उपयोग करती हैं, जिनमें क्रैशवर्थी डिजाइन जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं का अभाव होता है। 2023 की ओडिशा दुर्घटना में पुराने आईसीएफ कोच शामिल थे, जो आधुनिक एलएचबी कोचों की तुलना में कम प्रभाव–प्रतिरोधी थे। मजबूत आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की कमी भी दुर्घटना होने पर क्षति को बढ़ा देती है। 2023 की बालासोर दुर्घटना में मलबा हटाने में छह घंटे से अधिक का समय लगा, जिससे बचाव कार्यों में देरी हुई।

इन कमियों को दूर करने में 'कवच' प्रणाली की भूमिका बहुत ही अहम है, कवच प्रणाली लाल सिग्नल पार करने पर ट्रेनों को स्वचालित रूप से रोक देती है, जिससे खतरनाक टकराव को रोका जा सकता है। रेल मंत्रालय ने दिल्ली–मुंबई और दिल्ली–हावड़ा मार्गों पर कवच लागू किया है। इसके बाद रेल हादसों में कमी आई। कवच यह पता लगाता है कि दो ट्रेनें एक ही ट्रैक पर हैं और टक्कर को रोकने के लिए स्वचालित रूप से ब्रेक लगता है। दक्षिण–मध्य रेलवे नेटवर्क पर कवच सुनिश्चित करता है कि ट्रेनें गति सीमा से अधिक न चलें।कवच लोकोमोटिव पायलटों पर कार्यभार कम करता है, मानवीय त्रुटियों को कम करता है। परीक्षणों से पता चला है कि कवच–संरक्षित ट्रेनों का उपयोग करने वाले पायलटों के बीच थकान सम्बंधी त्रुटियों में 50 फीसद की कमी आई है।

कवच का एकीकरण कई बुनियादी ढांचे की चुनौतियों का समाधान कर अधिक डिजिटलीकृत और स्वचालित रेलवे प्रणाली की ओर बदलाव का संकेत देता है। राष्ट्रीय रेल योजना 2030 में कवच को 34,000 किलोमीटर के उच्च–घनत्व वाले मार्गों पर विस्तारित करने की परिकल्पना है। 2024 के रेल बजट में 1, 112.57 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसी में से प्रमुख रेलवे गलियारों में कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली का विस्तार होना है। कवच के कार्यान्वयन के बाद बेंगलुरु–चेन्नई मार्ग पर आपातकालीन प्रतिक्रिया समय कम हो गया है। कवच प्रणाली सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए एक परिवर्तनकारी समाधान प्रदान करती है। सिग्नलिंग प्रणालियों को आधुनिक बनाकर, टकरावों को रोककर और ट्रेन परिचालन में सुधार करके, कवच उन कई कमियों को दूर कर सकता है जो दुर्घटनाओं में योगदान करती हैं। भारत में सुरक्षित रेलयात्रा सुनिश्चित करने के लिए इसके कार्यान्वयन को पूरे नेटवर्क में विस्तारित करना महत्वपूर्ण है।

# कनाडा के क्रेजी पीएम जस्टिन ट्रूडो का पागलपन



बिक्रम उपाध्याय

इसी साल मार्च में ट्रूडो ने अपने एक वक्तव्य में कहा था कि वह रोज़ सोचते हैं कि यह क्रेज़ी जॉब छोड़ दें लेकिन छोड़ नहीं पाते। जस्टिन के लिए प्रधानमंत्री का पद एक क्रेज़ी जॉब है, जिसे वह अगले चुनाव तक जारी रखना चाहते हैं। शायद ट्रूडो को अपने राजनीतिक भविष्य का अंदाज़ बहुत पहले हो गया था और इसी कारण वह तमाम उल्टी–सीधी बातें कर रहे हैं और उटपटांग फैसले ले रहे हैं। वे जनता के सवालों का सामना नहीं करना चाहते और उन्हें यह भी सर्वेक्षणों से पता चल गया है कि वह कनाडाई लोगों के बीच लोकप्रियता तेज़ी से खोते जा रहे हैं। कनाडा का अगला आम चुनाव अगले साल अक्टूबर में ही होने वाला है।

## जनमत सर्वेक्षण में बढ़ रहा पीएम के खिलाफ असंतोष

अभी तक जितने भी जनमत सर्वेक्षण हुए हैं, उनसे साफ संकेत मिलता है कि लोगों में उनकी सरकार को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। उनके शासनकाल में कनाडाई लोगों के समक्ष आवास, महंगाई और बेरोजगारी की समस्या विकराल होती जा रही है और विपक्षी कंजर्वेटिव नेता उनकी नाक में दम किए हुए हैं। ट्रूडो अब अपनी ही लिबरल पार्टी पर बोझ बनते जा रहे हैं। कनाडा में यह आशंका घर करने लगी है कि ट्रूडो इनसे पार पाने की स्थिति में नहीं हैं और अच्छा है कि चुनाव से पहले ही वह बाहर निकलने का विकल्प सोच लें। अब उनकी ही पार्टी के कुछ सहयोगियों ने सुझाव देना शुरू कर दिया है कि उनके जाने का समय आ गया है। ट्रूडो का व्यक्तिगत जीवन भी ठीक नहीं चल रहा है। उनकी पत्नी सोफी ग्रेगोइरे पहले ही अलग हो चुकी हैं।

## ट्रूडो सरकार और पुलिस ने भारत पर लगाया सीधा आरोप

कई अन्य फैसलों के साथ ट्रूडो द्वारा जिस तरह कुछ साल पहले कनाडा की धरती पर एक सिख अलगाववादी की हत्या को लेकर विवाद उत्पन्न किया गया है, उसे भी उनका एक क्रेज़ी फैसला ही माना जा रहा है। उनके इस बेवकूफ़ी भरे कदम ने भारत और कनाडा के बीच के राजनयिक संबंधों पर ग्रहण लगा दिया है। हद तो तब हो गई जब जस्टिन ट्रूडो की सरकार और पुलिस ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में सीधे तौर पर भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगा दिया। कनाडाई पुलिस ने भारतीय एजेंटों



पर "हत्या, जबरन वसूली और हिंसक कृत्यों" में शामिल होने और खालिस्तान समर्थक आंदोलन के समर्थकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

## आरोपों के पीछे ट्रूडो की राजनीतिक मंशा है

ये आरोप निश्चित रूप से बेतुके हैं। साफ तौर पर ट्रूडो ने राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा किया है क्योंकि कनाडा में सिख समुदाय की संख्या अच्छी–खासी है और वे उन्हें खुश करने के लिए ऐसा करना चाहते हैं। ट्रूडो की राजनीतिक मंशा इसी से साफ झलकती है। उन्होंने भारत पर यह लांछन एक लाइव टेलीविज़न पर बोलते हुए लगाया। ट्रूडो ने कहा कि भारत ने कनाडा में "आपराधिक" कृत्यों का समर्थन करके एक मौलिक गलती की है। उल्लेखनीय है कि कनाडा के प्रधानमंत्री ने अभी तक अपने दावों के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया है, लेकिन अपने अपरिपक्वबयानों से दिल्ली और ओटावा के बीच संबंधों को तनावपूर्ण ज़रूर बना दिया है। भारत ने ना सिर्फ कनाडा से अपने दर्जनों राजनयिक कर्मचारियों को वापस बुला लिया है बल्कि वीजा सेवाओं को भी निलंबित करने की पहल कर दी है। छह कनाडाई राजनयिकों को भी भारत छोड़ने के लिए कह दिया गया है।

## ट्रूडो के साथ न जनता है और न ही उनकी पार्टी

जस्टिन ट्रूडो जो इस समय फैसले ले रहे हैं, उनके साथ ना तो कनाडा की जनता है और ना उनकी सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी। एक समाचार एजेंसी के अनुसार, लिबरल पार्टी के सांसदों का एक समूह भारत के खिलाफ एकतरफा फैसले को लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर पद छोड़ने का दबाव बना रहा है। सीबीसी न्यूज़ रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह ओटावा में कई असंतुष्ट सांसदों ने मुलाकात कर ट्रूडो को हटाने के एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। सांसदों की यह बैठक हाल ही में सम्पन्न मॉन्ट्रियल और टोरंटो में लिबरल पार्टी के उपचुनाव में हार के बाद हुई थी। कहा तो यह भी जा रहा है कि कम से कम 30 से 40 सांसद नेतृत्व में बदलाव की मांग करने वाले पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में शामिल थे।

## राजनेताओं के व्यवहार के लिए बने कानूनों से खुद को ऊपर मानते हैं


ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादियों के समर्थन के लिए भारत के साथ संबंधों को नष्ट करने का उनका यह प्रयास अब उनके खिलाफ ही माहौल बनाने का कारण बनता जा रहा है। कनाडाई प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि इससे पहले कि वह कनाडा को पूरी तरह से डुबो दें, देश को जल्द से जल्द उनसे खुद को अलग कर लेना चाहिए। एक कनाडाई नागरिक का कहना है कि ट्रूडो नैतिक रूप से भ्रष्ट हैं और अपना पूरा जीवन आत्म–अधिकार की भावना के साथ जीते हैं। वह खुद को अपने पिता पियरे इलियट का पुनर्जन्म मानते हैं। वह यह भी मानते हैं कि कनाडाई करदाताओं का पैसा उनका अपना है और वह जैसे चाहें, उसे इस्तेमाल कर सकते हैं। वह राजनेताओं के व्यवहार के लिए बने कानूनों से खुद को ऊपर मानते हैं। इसी साल अगस्त के अंत में जब प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने उत्तरी ओंटारियो में एक स्थानीय स्टील कर्मचारी से हाथ मिलाने के लिए हाथ बढ़ाया तो कर्मचारी ने हाथ मिलाने से मना कर दिया और कहा कि "मुझे एक पल के लिए भी आप पर विश्वास नहीं है।" साफ है कि ट्रूडो से जनता हताश और निराश हो गई है। एक पोल ट्रैकर के अनुसार, प्रधानमंत्री के रूप में ट्रूडो की स्वीकृति दर इस समय 63 प्रतिशत से गिरकर केवल 28 प्रतिशत रह गई है। कंजर्वेटिव नेता पियरे पोलीवरे के अनुसार ट्रूडो की सरकार अल्पमत में है और वह उसे गिराने के लिए जल्द से जल्द अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे हैं। यदि पोलीवरे सफल होते हैं, तो कनाडा में चुनाव जल्दी भी हो सकते हैं।

## राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ट्रूडो की सरकार मूल रूप से खत्म हो चुकी है

इप्सोस के एक राजनीतिक विश्लेषक और पोलस्टर डेरेल ब्रिकर का कहना है कि ट्रूडो की सरकार मूल रूप से खत्म हो चुकी है। इस समय जो कुछ भी हो रहा है, वह रेत के ढेर से रेत खिसकने जैसा ही है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी विदाई की इबारत दीवारों पर लिखी देख रहे हैं, लेकिन उसे नजरअंदाज करने के लिए कनाडाई अस्मिता का एक स्वांग करने का यत्न कर रहे हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# बीएसएनएल : कहीं भीतरघात का शिकार तो नहीं?



निर्मल रानी

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) भारत सरकार के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) का एक प्रमुख एवं लोकप्रिय उपक्रम है। बीएसएनएल का स्वामित्व दूरसंचार विभाग के पास है और दूरसंचार विभाग संचार मंत्रालय का एक हिस्सा है। भारत सरकार ही बीएसएनएल की 100% शेयर पूंजी का मालिक भी है। इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में संचार मंत्रालय का कामकाज अश्विनी वैष्णव देख रहे हैं जोकि भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं। हालाँकि भारतीय संचार क्षेत्र में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल तथा वोडाफ़ोन आइडिया जैसे और भी कई छोटी व क्षेत्रीय निजी कम्पनीज़ सक्रिय हैं परन्तु इन सबसे प्रतिस्पर्धा होने के बावजूद आज भी बीएसएनएल को देश में सबसे अधिक उपभोक्ता रखने का गौरव हासिल है। आंकड़ों के मुताबिक जुलाई 2024 तक बीएसएनएल के पास देश में लगभग 88.512 मिलियन मोबाइल फ़ोन के ग्राहक थे। इसका मुख्य कारण यह भी था कि देश की प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों ने जून 24 में ही अपने अपने मोबाइल टैरिफ़ बढ़ा दिये थे। इनमें रिलायंस जियो ने जहां 27 जून को अपने टैरिफ़ में 12 से 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी वहीं भारती एयरटेल ने 8 जून को अपना टैरिफ़ 11 से 21 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। इसी तरह वोडाफ़ोन आइडिया ने भी 29 जून,24 को अपना टैरिफ़ 10 से 24 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। इसी बढ़ोतरी के फौरन बाद ही बीएसएनएल में 2.93 मिलियन ग्राहकों की वृद्धि हुई। जबकि निजी दूरसंचार कंपनियों को अपने करोड़ों ग्राहकों से हाथ धोना पड़ा। उस समय बीएसएनएल ने पहली बार ग्राहकों की इतनी वृद्धि दर्ज की थी। जून- जुलाई 24 में बीएसएनएल ने लगभग 2.9 मिलियन उपयोगकर्ता अपने साथ जोड़े।

बीएसएनएल को ऐसा ही एक अवसर उस समय भी हाथ लगा था जबकि 2020–2021 में हुये किसान आंदोलन के समय पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के किसानों द्वारा 2020 में भारतीय संसद द्वारा पारित तीन कृषि अधिनियमों के विरुद्ध आंदोलन चलाया जा रहा था। उस समय किसान, अंबानी–अडानी द्वारा




संचालित उद्यमों व उपक्रमों का भी विरोध कर रहे थे। किसानों का कहना था कि मोदी सरकार अंबानी–अडानी जैसे निजी उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिये ही तीन कृषि अधिनियम लाई है। इसलिये किसानों द्वारा पंजाब,हरियाणा में रिलायंस जियो का भी बड़े पैमाने पर विरोध यहां तक कि बहिष्कार किया जा रहा था। रिलायंस जियो के तो कई मोबाईल टावर्स में भी उस समय तोड़ फोड़ की खबरें आई थीं। बहरहाल जिन उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए निजी कम्पनीज़ सैकड़ों हज़ारों करोड़ रूपये विज्ञापन या प्रलोभन में खर्च करती हैं वही उपभोक्ता बिना किसी प्रयास के बीएसएनएल को स्वयं ही मिल रहे थे इससे बड़ी लोकप्रियता की बात बीएसएनएल के लिये और क्या हो सकती है? परन्तु चिंता का विषय है कि देश का सबसे बड़ा संचार नेटवर्क होने के बावजूद नेटवर्क और स्पीड दोनों ही मामलों में बीएसएनएल अपने में सुधार नहीं कर पा रहा है। उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल व हरियाणा यहाँ तक कि चंडीगढ़ में तो इसकी गति नाममात्र है।

सवाल यह है कि देश का सबसे बड़ा व सबसे साधन संपन्न नेटवर्क व सबसे अधिक टावर्स रखने के बावजूद आखिर क्या वजह है कि गांव में तो दूर शहरों तक में इसके पूरे मोबाईल सिग्नल नहीं आ पाते? आज के युग में जबकि 5–10 रुपये से लेकर लाखों रूपये तक की लेनदेन मोबाईल गूगल या पे फोन जैसे माध्यमों से की जा रही हो,ऐसे में अन्य निजी कम्पनीज़ की ही तरह बीएसएनएल का भी राष्ट्रव्यापी नेटवर्क तीव्र गति के साथ उपलब्ध होना बेहद ज़रूरी है। परन्तु एक तरफ तो देशभक्ति का जज़्बा रखने वाले ग्राहकों का बीएसएनएल की ओर आकर्षित होना और दूसरी तरफ बीएसएनएल द्वारा अपने ग्राहकों की ज़रूरतों और नेटवर्क व स्पीड की कमी के चलते उन्हें होने वाली परेशानियों की अनदेखी करना या इसका तत्काल समाधान न करना बीएसएनएल के ग्राहकों के मन में संदेह ज़रूर पैदा करता है।

दरअसल पिछले एक दशक से ऐसी तमाम खबरें आ रही हैं जिनसे यह पता चलता है कि सरकारें उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों की हितैषी के रूप में काम कर रही हैं। जिसतरह विद्युत,रेल, बंदरगाह, इन्शुरन्स, बैंकिंग, तेल, गैस, कोयला, सैन्य सामग्री, विमानन व संचार जैसे अनेक क्षेत्रों में सरकारों की सरपरस्ती में उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों का दखल बढ़ा है और देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी इन उद्योगपतियों के लिये व्यवसायिक आधार तैयार कर कई देशों में इन्हें माइनिंग, बिजली व निर्माण आदि के ठेके दिलवाये गये हैं उन्हें देखकर यह संदेह होना भी स्वभाविक है कि कहीं बीएसएनएल को बदनाम करने व इसे कमज़ोर करने के लिये ही तो यह षड़यंत्र किसी बड़ी व सत्ता संरक्षित साज़िश के तहत तो नहीं किया जा रहा?

यदि बीएसएनएल ईमानदारी से चाहे तो कम से कम समय में अपने उपभोक्ताओं को हो रही इन परेशानियों से निजात दिला सकता है। और यदि बीएसएनएल की ओर से पूरे देश के हर कोने तक अपना नेटवर्क व पूरा सिग्नल पहुंचा दिया जाये और उसकी गति में सुधार कर दिया जाये तो निश्चित रूप से निजी कम्पनीज़ की तरफ से अभी और भी करोड़ों उपभोक्ता अपना मुंह फेर लेंगे। परन्तु सत्ता में बैठे उद्योगपतियों के वे शुभचिंतक जो वास्तव में सरकार में उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों के हितों के न केवल पैरोकार हैं बल्कि सच पूछिए तो उन्हीं के सीधे प्रतिनिधि के रूप में सत्ता में अहम पदों पर बैठे हुये हैं। ऐसे लोगों के सत्ता के शीर्ष पदों पर रहते क्या बीएसएनएल, प्रमुख निजी टेलीकॉम कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा कर सकेगा?

बीएसएनएल मोबाइल के मौजूदा नेटवर्क तथा उसकी मंद गति को देखकर इस बात पर संदेह होना स्वाभाविक है। और यदि बी एस एन एल में ही सर्वोच्च पदों पर बैठे अधिकारियों की साज़िश के चलते और उनकी उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों से मिली भगत के परिणाम स्वरूप इस पीएसयू की इतनी दयनीय हालत हो रही है तो ऐसे 'विभीषणों' का भी बेनकाब होना बेहद ज़रूरी है। न केवल सरकार बल्कि स्वयं बीएसएनएल कर्मियों को भी इस बात पर नज़र रखनी होगी कि भारत सरकार का यह लोकप्रिय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम बी एस एन एल किन कारणों से अपने उपभोक्ताओं को समुचित सेवायें नहीं दे पा रहा है? बी एस एन एल, कहीं भीतरघात का शिकार तो नहीं?

# सप्त सुवासित धाराएं सहेजे नदी बहने लगी है




प्रमोद दीक्षित मलय

नदियां जीवन का आधार हैं। सुखद शुभ स्रोत हैं, जीवन का उत्स हैं। नदियों के निकट ही मानव सभ्यता जन्मी, पल्लवित पुष्पित हो विकसित हुई। बस्तियां बसीं। नदियों ने ही प्राणिमात्र में जीवन का संचार किया। कहीं हरित कानन विकसित हुए तो कहीं सुरभित सुमनों के महकते उपवन मुसकाए। पशु–पक्षियों ने नदी नीर से जीवन रस लिया। नदी की जलधार ने अनगढ़ प्रस्तर को घिस–घिस शालिग्राम का देव रूप दे पूजनीय बना दिया। नदियों के तट मेलों के साक्षी बने और विद्वत समाज के विचार–विमर्श के दर्शक भी। विश्व की पहली कविता नदी के जल प्रवाह के मध्य ही प्रकट हुई जब तमसा नदी के तट पर मिथुनरत युगल क्रौंच (सारस) पक्षी में से एक नर पक्षी का किसी बहेलिया द्वारा वध कर देने पर आदि कवि ऋषि वाल्मीकि के मुख से अनायास सहज ही विश्व का प्रथम छंद प्रकट हुआ–

**मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वती समाः।**
**यत्क्रौंच मिथुनादेकमवधी काममोहितम।।**

नदी की जलधार के बीच प्रस्फुटित हुई कविता की यह यात्रा अद्यावधि गतिमान है। भाषा विकास क्रम संस्कृत, पालि प्राकृत, अपभ्रंश, अवहट्ट से उपजी हिंदी की खड़ीबोली तक काव्य रचना के इस सफर को इतिहासकारों ने चार युगों में विभाजित कर अध्ययन एवं शोध हेतु सुगम एवं सहज ग्रा' बना दिया। प्रथम युग वीरगाथा काल में राज्याश्रय प्राप्त कर कवियों ने राजा के शौर्य–पराक्रम की सराहना कर रानी एवं राजकुमारियों के श्रांगारिक वर्णन में शब्द संपदा अर्पित की। युद्धों के लोमहर्षक अतिशयोक्ति पूर्ण वर्णन एवं अलंकार से सज्जित कविता चंदबरदाई, जगनिक, नरपति नाल्ह आदि की कंठहार बनी। भक्ति काल में भक्त कवियों ने ईश्वर के सगुण एवं निर्गुण रूप की चर्चा कर भाव शब्द सुमन अर्पित किए। कबीर, दादू, नानक निर्गुण धारा के ध्वजवाहक बने तो तुलसी, सूरदास, मीराबाई सगुण साकार ब्रह्म के उपासक सिद्ध हुए। रीतिकाल में श्रृंगार रस की प्रधानता के साथ ही लक्षण ग्रंथों की रचना हुई। केशवदास, बिहारी युग के प्रतिनिधि कवि हुए किंतु रीति के विरुद्ध अपवाद स्वरूप महाकवि भूषण ने वीर रस का परचम थाम शिवाजी और वीर छत्रसाल का प्रशस्ति गायन किया। भारतेंदु हरिश्चंद्र ने आधुनिक कविता की नींव रखी। तब से कविता ने स्वयं को कई रूपों में ढाल ब्रज और खड़ी बोली के शब्दों के रथ पर सवार हो रचना पथ पर गतिशील हुई। भारतेंदु एवं द्विवेदी युग से बढ़ छायावाद के रहस्यवादी विधान से मुक्त हो कविता प्रयोगवादी बनी। वह प्रगतिशील कविता, नई कविता, अकविता, साठोत्तरी कविता, समकालीन कविता के नाम से जानी गई। इसी युग में कविता में छंद के बंधन टूटे और कविता छंद मुक्त हो गद्य कविता की संज्ञा से अभिहित हो जन पक्षधरता की डोर पकड़ हाशिए पर अवस्थित आम जन की पीर, कसक, वेदना एवं अभावों की अभिव्यक्ति का मध्यम बनी। 'नदी बहने लगी है' इस दिशा में एक नवल रचनात्मक प्रयास है जिसकी धारा में कविता के विभिन्न पुष्प अपनी चमक, सुवास और रस का सत्व ग्रहण किए पाठक को डुबकी लगाने का आ''ान करती कविता का रसास्वादन करा रही है। वास्तव में कविता वही बड़ी है जो व्यक्ति को विचार के धरातल पर स्थापित करती है, पाठक को बदलने की सामर्थ्य रखती है। वह पाठक के सम्मुख अर्थ के नवल आयाम प्रकटाती हुई चिंतन का धरातल उपस्थित करती है। कविता जीवन एवं प्रकृति साहचर्य है, साक्षात्कर है, समन्वय है। इस संग्रह की कविताएँ इसी दिशा में कदम बढ़ाती दिखती हैं। शिक्षक एवं साहित्यकार दुर्गेश्वर राय द्वारा संपादित प्रस्तुत साझा संग्रह 'नदी बहने लगी है' में दर्शन, प्रेम, भक्ति, नीति, श्रम, प्रकृति एवं वात्सल्य की सप्त सुवासित अंतर्धाराएँ प्रवहमान है। इसमें बेसिक शिक्षा में कार्यरत 48 रचनाधर्मी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की रचनाओं को स्थान मिला है। ये रचनाकार मुख्यतः कवि या कवयित्री नहीं हैं बल्कि 'बाल देवो भव' के उपासक शिक्षा साधक हैं। स्वभावतः रुचि के कारण कविता लेखन उनकी आत्माभिव्यक्ति का माध्यम बना है जिसमें उनका वह अवलोकन प्रकट हुआ है जो बहुधा दूसरों से देखने में छूट जाता है। उनके अवलोकन की हद में वे तमाम मुद्दे शामिल हैं जो जीवन, प्रकृति एवं दुनिया के सौन्दर्य के लिए आवश्यक हैं। भावपक्ष में समर्थ, सबल ये रचनाएँ पाठक को ताजगी तो देंगी ही साथ ही सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध भी कराएँगी। ये रचनाकार भविष्य के श्रेष्ठ साहित्यिकों में गण्य होंगे, ऐसा विश्वास है।




**कृति : नदी बहने लगी है**
**संपादक : दुर्गेश्वर राय**
**प्रकाशक : रुद्रादित्य प्रकाशन, प्रयागराज**
**पृष्ठ : 112**
**मूल्य : 315/-**

'नदी बहने लगी है' की पावन धारा से कुछ निर्मल रजत बूँदें यहाँ साझा करना चाहूँ तो सीमा मिश्रा का गीत सांसारिक नश्वरता एवं क्षण भंगुरता की ओर संकेत करता, अभिमान के त्याग एवं जीवन में प्रीति को स्थापित करता है। कविता में प्रतिरोध का स्वर आवश्यक है, वह चुप्पी के विरुद्ध संघर्ष का शंखनाद है। यही स्वर अनीता यादव की रचना में सुनाई देता है। शिक्षक की चुनौतियाँ हर युग में रही हैं पर वह व्यक्ति एवं राष्ट्र निर्माण की साधना में अनथक लीन है। विंध्येश्वरी प्रसाद विंध्य इन्हीं चुनौतियों से जूझ अपनी साधना का राग प्रकट करते हैं। भारतीय लोक जीवन में माँ का स्थान सर्वोपरि है। विनीत कुमार मिश्रा, अनुराधा दोहरे, डा. अरविंद द्विवेदी, कमलेश कुमार पांडेय ने माँ के प्रति अपने शब्द सुमनों का श्रद्धा–अर्घ्य अर्पित किया है। दीप्ति राय दीपांजलि एक मजदूर की विवशता एवं पीर को 'आशियाना' में चित्रांकित करती हैं वहीं कविता सिंह ने समाज में स्त्री के प्रति दृष्टिकोण को 'स्त्री का आत्म संवाद' में व्यक्त किया है। गुंजन भदौरिया एक कन्या भ्रूण के माध्यम से माँ से संवाद कराती दिखती हैं तो मीनाक्षी सिंह की रचना 'मेरे पापा' एक प्रकार से दुनिया के सभी पिता के प्रति संतान का विनम्र स्मरण है। सुमन कुशवाहा इस जग को स्वर्ग सम सुंदर बनाने का आ''ान करती हैं तो वहीं डॉ. श्रवण कुमार गुप्त एवं हिना नाज़ शिक्षा के महत्व पर कविता रचते दिखे हैं। निशी श्रीवास्तव, रीतिका मिश्रा, वत्सला मिश्रा, शालिनी सिंह एवं अमिता सचान ने बचपन का खाका खींचा है तो मंजू वर्मा जीवन में 'धूप और छांव' के चित्र उकेरती हैं। चंद्रशेखर मित्र दोहे रच नीति की राह दिखाते हैं तो सुरेश अकेला क्रांतिकारियों के शौर्य एवं बलिदान को नमन करते हैं। विनीता सिकरौदिया ने एक नदी के दर्द को स्वर दिया है, काश! हम नदी की उस पीर का स्वर सुन पायें। सुनीता वर्मा, राजन लाल एवं अर्चना देवी वर्मा पर्यावरण के प्रति चिंता जाहिर करते हैं। सीमा रानी शर्मा और विवेक पाठक बेटियों पर शब्द न्योछावर करते हैं। पूनम कुमारी और सरस्वती ने स्कूली बच्चों की समझ के नयनाभिराम दृश्य अंकित किए हैं। फरहत माबूद और वैशाली मिश्रा अपनी रचनाओं में किसान के श्रम, कर्ज एवं अभावों को स्मरण करती हैं। अंतिम पृष्ठों में मुद्रित संपादक दुर्गेश्वर राय की तीन छंदमुक्त कविताएँ अपने कथ्य से ध्यान खींचती हैं। अन्य रचनाकारों की रचनाएँ भी अपने उद्देश्य में सफल हैं और पाठक के मन को प्रभावित करेंगी।

पुस्तक संपादन एक दुरूह कार्य है और वह भी कविता संकलन का संपादन तो दुधारी तलवार पर चलना ही है। पर दुर्गेश्वर राय ने सभी रचनाकारों के साथ संपादकीय न्याय करते हुए कविताओं को प्रस्तुत किया है। मुझे विश्वास है बेसिक शिक्षक–शिक्षिकाओं के सुमधुर कोमल भावों की यह कृति 'नदी बहने लगी है' न केवल पाठकों को आकर्षित करेगी अपितु उन्हें रचना कर्म हेतु प्रेरित एवं उत्साहित भी करेगी, यही इसकी सफलता होगी।

**(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार हैं।)**

# डीएपी खाद की कालाबाजारी पर कृषि विभाग का एक्शन :गोदाम में पकड़ा 200 कट्टों का अवैध स्टांक

चमकता राजस्थान

**भरतपुर (राजवीर सिंह)** । जिले की बयाना तहसील में डीएपी खाद की कालाबाजारी की सूचना पर कृषि विभाग की टीम ने बीते कल कार्रवाई करते हुए एक खाद बीज विक्रेता के गोदाम से 200 कट्टे अवैध डीएपी खाद का स्टांक पकड़ा है। कृषि विभाग ने डीएपी के अवैध स्टांक को जप्त कर सैंपल लिए है। साथ ही खाद बीज विक्रेता के लाइसेंस को निलंबित करने की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से खाद बीज विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है। कृषि विभाग के सहायक निदेशक सुरेश गुप्ता ने बताया कि किसानों



की ओर से लगातार डीएपी खाद की कालाबाजारी कर उसे निर्धारित रेट से अधिक रेट पर बेचने की शिकायते मिल रही थी। डीएपी खाद की कालाबाजारी की शिकायत पर कृषि विभाग के सहायक निदेशक सुरेश गुप्ता के नेतृत्व में कृषि अधिकारी मुनीम सिंह गुर्जर एवं हरभान सिंह की टीम ने खाद बीज विक्रेताओं की दुकानों और गोदामों के स्टांक की जांच कार्यवाही प्रारंभ की। जांच अभियान के दौरान गुरुवार दोपहर करीब 12.30 बजे कस्वा बयाना की आनन्द विहार कांलोनी में खाद बीज विक्रेता श्याम एंड ब्रदर्स के गोदाम के बाहर डीएपी खाद के 200 कट्टों से लदी एक टैक्टर -ट्राली खडी मिली। फर्म के संचालक योगेश धाकड़ से उक्त डीएपी खाद के कट्टों के बारे में पूछताछ कर वितरण के लिए उपलब्ध पोश मशीन का रिकॉर्ड चैक किया गया। रिकार्ड के मुताबिक फर्म के पास स्टांक में मात्र 35 कट्टे होने चाहिए थे। लेकिन गोदाम के बाहर टैक्टर ट्राली में 200 कट्टे डीएपी खाद से भरे हुए थे। इससे साफ जाहिर है कि उक्त कट्टों की फर्जी बिक्री दिखाकर उन्हें कालाबाजारी कर उन्हें मंहगे दामों में बेचने के लिए कहीं बाहर शिफ्ट किया जा रहा था। कृषि विभाग की जांच टीम ने डीएपी खाद के कट्टों को वापस गोदाम में उतरवा कर जप्त किया । इसके साथ ही डीएपी खाद की सैम्पलिंग की गई है। साथ ही खाद बीज विक्रेता फर्म के लाइसेंस को निलंबित करने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान दूध, मावा के लिए 9 नमूने



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** धौलपुर, 17 अक्टूबर 24 को दीपावली पर आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके प्रदेश भर में लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिससे खाद्य सामग्री विक्रेता मिलावटी सामग्री नहीं बेच सकें। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयंती लाल मीणा द्वारा गठित टीम ने मनियां के बोथपुरा स्थित नन्हे खान मावा प्लांट से 9 नमूने लिए गए। जिसमे चार नमूने दूध, चार नमूने मावा तथा एक नमूना क्रीम का लिया गया। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया की दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### राष्ट्रीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के गोविंद सिंह चौधरी भरतपुर जिला उपाध्यक्ष मनोनित

**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** राष्ट्रीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान ओमप्रकाश चौधरी एवं राष्ट्रीय महासचिव राजस्थान डॉ नरेश मदेरणा, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल तोमर के नेतृत्व में गोविंद सिंह चौधरी पुत्र सोहनलाल निवासी माईदपुर (निठार) तहसील भुसावर को राष्ट्रीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन का जिला भरतपुर को उपाध्यक्ष मनोनित किया है। इस मौके पर



गोविंद सिंह चौधरी ने पद की गरिमा की शपथ लेते हुए कहा कि में क्षेत्र में किसान भाइयों की समस्या के लिए संघर्षत रहते हुए उनकी समस्याओं के समाधान हेतु प्रयासरत रहूंगा। गोविंद सिंह चौधरी ने इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

### बैण्ड-बाजे के बीच निकली महर्षि बाल्मिकी की शोभायात्रा

- शोभायात्रा का मुख्य बाजार में जगह जगज पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)।** कस्बे के मुख्य बाजार में बाल्मिकी समाज की ओर से महर्षि बाल्मिकी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैण्ड-बाजे के बीच आधा दर्जन से अधिक झांकी शामिल हुई। इससे पहले हलैना रोड स्थित बनखंडी मन्दिर पर नगर पालिकाध्यक्ष हरवती सिनसिनवार व पूर्व पार्षद अरब सिंह सौंख ने विधिवत पूजा अर्चना कर शोभायात्रा का शुभारम्भ किया। बाद में बैण्ड-बाजे के बीच रेलवे फाटक, कुम्हेर तिराहा, मुख्य बाजार होते हुए गायत्री कॉलोनी स्थित बाल्मिकी बगीची पर सम्पन्न हुई। जहां बाल्मिकी समाज की ओर से विधिवत पूजा अर्चना कर श्रद्वालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा का मुख्य बाजार में जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान शोभायात्रा कमेटी अध्यक्ष विनोद कुमार, उपाध्यक्ष रिक्की अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन महौरिया, महामंत्री चुन्नू महौरिया, मंत्री सुनील चौहान आदि मौजूद रहे।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने किय। सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

चमकता राजस्थान

धौलपुर(रामदास तरुण)। धौलपुर सदस्य सचिव , राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर सतीश चंद के मार्गदर्शन में आज दिनांक 17 अक्टूबर 24 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर की सचिव एडीजे रेखा यादव ने जिले में पीडित महिलाओं की सहायता हेतु महिला अधिकारिता विभाग द्वारा निर्भया योजना के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर का आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के




दौरान सचिव यादव द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा पीडित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया एवं वन स्टॉप सेंटर द्वारा संधारित रजिस्टरों का अवलोकन किया तथा स्टाफ को आवशयक निर्देश दिये। सचिव यादव ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में पीडित महिलाओं के विधिक सहायतार्थ एवं उनकी सुरक्षा हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर संचालित किये गये हैं। पीडित एवं जरूरतमंद महिलाओं को सखी सेन्टर द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए। सखी वन स्टॉप सेन्टर के अन्तर्गत सभी प्रकार की हिंसा से पीडित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर अस्थाई आश्रय, पुलिस डेस्क, विधिक सहायता, चिकित्सा एवं काउन्सलिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

# जियो की ‘इंटेलिजेंट शॉपिंग कार्ट’ स्वंय बना देगी बिल

चमकता राजस्थान

नई दिल्ली। किराना स्टोर्स में बिल के लिए लगने वाली लंबी-लंबी लाइनों से अब छुटकारा मिल जाएगा। और यह होगा शॉपिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल से। जियो की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस शॉपिंग कार्ट स्वंय ही खरीददारी का बिल बना देगी। रिलायंस जियो ने इस कमाल की टेक्नोलॉजी को इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में प्रदर्शित किया है।

इसका इस्तेमाल भी काफी आसान है। स्टोर में उपलब्ध इंटेलिजेंट शॉपिंग कार्ट सीधे बिलिंग डेस्क से जुड़ी होंगी। ग्राहक जो भी सामान कार्ट में डालेगा, उस सामान को कार्ट पर लगे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस कैमरे और स्कैनर कप्चर करके बिलिंग डेस्क को भेज देंगे और डेटा बेस से प्रोडक्ट का प्राइज निकाल कर बिल में जोड़ दिया जाएगा। गलती से



शॉपिंग कार्ट में डाले गए प्रोडक्ट को अगर ग्राहक कार्ट से निकाल देता है तो उस प्रोडक्ट का प्रा- इस तुरंत बिल से स्वंय ही हट जाएगा। बिलिंग डेस्क ग्राहक की कार्ट का क्यूआर कोड स्कैन करेगा और आपका बिल पेमेंट के लिए तैयार हो जाएगा।

रिलायंस रिटेल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शॉपिंग कार्ट का पायलट प्रोजेक्ट हैदराबाद और मुंबई के कुछ चुनिंदा स्टोर्स में चला रही है। ग्राहकों से मिल रहे शानदार फीडबैक के चलते जल्द ही इसे अन्य राज्यों में भी लागू किया जा सकता है।

छोटे दुकानदारों के इलेक्ट्रानिक तराजू को भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़ा जा सकेगा। इलेक्ट्रानिक तराजू पर मूंग की दाल रखने पर, यह न केवल दाल का तौल करेगा साथ ही उसपर लगे कैमरों से उसे पहचान भी लेगा। यानी किसी भी तरह के प्रोडक्ट को इलेक्ट्रानिक तराजू पर रखते ही उसका नाप-तौल और कीमत तुरंत पता चल जाएगी। तराजू के सामने शॉपिंग कार्ट की तरह का एक एरिया मार्क होगा जिसमें पैक्ड प्रोडक्ट को रखते ही उसकी कीमत भी बिल में जुड़ जाएगी।

### सर्वाधिक महत्वपूर्ण समय वर्तमान ही है। - श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

**चमकता राजस्थान । भरतपुर/कामां (राजवीर सिंह)** तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर



व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने कहा श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति विपत्तियों,बाधाओं व परेशानियों से लड़ने की क्षमता रखता हो वही जीवन के विकास का सच्चा आनंद प्राप्त कर सकता है। महानता के काम करना लेकिन अपने को महान मत समझना। जीवन में वही आगे बढ़ सकते हैं जो व्यर्थ के उलझाव व टकराव से बचने की कोशिश करते हैं। संसार के सभी जीव मोह रूपी रात्रि में सोए हुए हैं मोह नींद में सोए उन जीवों को जगाने ही आते हैं सभी संत, महापुरुष यहां तक की परमात्मा भी। इस संसार रूपी रात्रि में मात्र परमार्थी व प्रपंच से वियोगी लोग ही जागते हैं। जीव को जगा हुआ तभी जानना चाहिए जबकि उसे सभी विषयों व विलासिताओं से वैराग्य हो जाए,उठो,जागो व अपने लक्ष्य की ओर बिना रुके तब तक चलते रहो जब तक कि तुम्हें तुम्हारा लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।

अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों में उन्होंने कहा कि भूतकाल से प्रेरणा लें, हो चुकी गलतियों को सुधारें, भविष्य के लिए योजनाएं चाहे बनाएं लेकिन वर्तमान में जीना सीख लें। सर्वाधिक महत्वपूर्ण समय वर्तमान ही है। वर्तमान का ही उत्तम से उत्तम सदुपयोग करें। वर्तमान को छोड़कर मात्र भूत व भविष्य का चिंतन मूर्खता है। महाराज श्री ने कहा कि आज लोगों में सहनशक्ति का सर्वथा अभाव हो रहा है। किसी को एक दूसरे की बात अच्छी नहीं लगती। क्रोध व आवेश बात बात में आ जाता है। लेकिन ऐसा क्रोध व आवेश जिसके आने पर हम अपने होश खो बैठें, विवेक को जागृत ना रख सके, उचित अनुचित का बोध हमें ना रहे,हमारे जीवन के लिए अच्छा नहीं है। स्वस्थ व जीवित व्यक्ति की पहचान खून गर्म ,चेतना जागृत परंतु मस्तिष्क ठंडा रहना है व राष्ट्र में शांति व प्रेम,एकता तथा सद्भाव बनाए रखने के लिए अच्छा है। उन्होंने कहा कि हमेशा मुस्कुराते रहना चाहिए क्योंकि अन्यान्य प्रार्थनाओं की अपेक्षा इससे आप स्वयं को परमात्मा के अधिक करीब अनुभव करेंगे।

### ढाणी पुरोहितान मोड़ से खोड़ा गणेश मंदिर तक की टूटी फूटी सड़क का होगा जीर्णोद्वार कार्य-पाटनी

**चमकता राजस्थान । रघुनंदन पारीक श्रीनगर । अजमेर।** मदनगंज -किशनगढ़ ' खोड़ा गणेश फोरलेन सड़क नगर परिषद सीमा से आगे ढाणी पुरोहितान मोड़ से खोडा गणेश मंदिर तक अजमेर विकास प्राधिकरण की टूटी-फूटी सड़क के जीर्णोद्वार कार्य के लिए 25 अक्टूबर को टेंडर होंगे '



अजमेर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री भाजपा नेता महेंद्र पाटनी ने बताया कि अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा 14 अक्टूबर को जारी निविदा के तहत लगभग एक करोड़ दस लाख रुपये की लागत से टूटी-फूटी डामरीकृत सड़क का जीर्णोद्वार कार्य किया जायेगा '

ज्ञातव्य है कि एक जनसुनवाई में अजमेर जिला कलेक्टर व अजमेर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष से भाजपा नेता पाटनी ने ए. डी. ए. द्वारा सन 2015 में राज्य की तत्कालीन भाजपा सरकार की मंत्री स्वः किरण माहेश्वरी से शिलान्यास कराकर खोड़ा गणेश मंदिर तक डामरीकृत सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया था, जो की खुर्द बुर्द हो जाने से प्रसिद्ध खड़ा गणेश मंदिर में किशनगढ़ व जिले के भक्तों का निरंतर आना जाना व क्षेत्र में हो रहे रीको द्वारा विकसित पावरलूम टेक्सटाइल व अन्य औद्योगिक क्षेत्र तथा इस सड़क से जुड़े आसपास के गांव के ग्रामीणों का भारी परेशानी से किशनगढ़ आवागमन के चलते टूटी-फूटी सड़क को अविलंब दुरुस्त किये जाने पर जोर दिया था '


पाटनी के लगातार प्रयासों से ही ए डी ए के अध्यक्ष व जिला कलेक्टर द्वारा आहूत प्राधिकरण के बोर्ड की मीटिंग में खोड़ा गणेश मंदिर तक सड़क निर्माण के कार्य के पारित प्रस्ताव से लगभग तीन किलोमीटर टूटी फूटी सड़क के वांछित टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही शीघ्र सड़क का जीर्णोद्वार कार्य किया जाना है'

# किसान संघ के पदाधिकारी ने दिया क्लेक्ट्रेट पर धरना किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर । अजमेर** , अंराई खरीफ फसलों के दाने दाने की खरीद आरंभ करने के लिए जिला कलेक्ट्रेट अजमेर पर किसानों ने रखा धरना मूंग बाजाराजैसी फासले सितंबर से ही मंडियों में आना आरंभ हो गई किंतु न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उनकी खरीद आरंभ नहीं होने से किसानों को अपना उत्पाद घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दामों पर बेचने को विवश होना पड़ रहा है जहां मूंग के बाजार भाव 4000 से 7000 प्रति क्विंटल रहे वही बाजरा का बाजार भाव 2100 से 2300 प्रति क्विंटल तक रहा जबकि इनके घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य कमर्शियल 8682 एवं 2625 प्रति क्विंटल है मूंग के संबंध में तो सरकार की ओर से कुल उत्पादन में से 75% उत्पाद को खरीद की परिधि से बाहर किया हुआ है इसके संबंध में राज्य के कुल उत्पादन में से 25% से अधिक खरीद पर प्रतिबंध थोपा हुआ है इसे हटाने के लिए भी देश के कृषि राज्य मंत्री एवं अजमेर लोकसभा के सांसद भागीरथ चौधरी को निरंतर ऐन विनय किया जा रहा है और इसी संबंध में 29 सितंबर को उनको सैकड़ो किसानों ने किशनगढ़ पहुंचकर ज्ञापन भी सौंप दिया था इस प्रकार का प्रबंध अरहर उड़द एवं मसूर पर तो इसी मार्क महीने में हटा लिया गया किंतु मूंग के संबंध में यह प्रतिबंध चालू रखकर भेदभाव किया हुआ है दूसरी और पिछले वर्षों में एक दिन में खरीद की मात्रा 40 कुंतल तक रखने का प्रावधान किया गया था किंतु इस वर्ष एक दिन में 25 क्विंटल खरीफ की मात्रा का प्रावधानी किया हुआ है किसने की फैसले बरसात के कारण पहले ही खराब हो चुकी उनकी क्षतिपूर्ति तो अभी दूर की कौड़ी बनी हुई है जो उत्पाद तैयार हुआ है उसके घोषित न्यूनतम दाम से भी किसानों को वंचित किया जा रहा है यह राम के साथ राज के रूठने का भी संकेत है इससे किसान व्यथित हैं उसे व्यथा को प्रकट करने के लिए आज का धरना अजमेर जिले के अध्यक्ष प्रहलाद खुराडिया की अध्यक्षता में रखा गया जिसमें विशेष रूप से किसान महापंचायत के प्रदेश मंत्री बत्ती लाल बेरवा भी उपस्थित रहे इनके अतिरिक्त किसान महापंचायत के अन्य पदाधिकारी ने भी धरने में भागीदारी निभाई है।

किसान महापंचायत के जिला उपाध्यक्ष सुगनाराम खोखर, लालाराम गशवा, रामरूप ,बटेक्ष-र, लक्ष्मण घासल रामलाल जाखड़ ने भी धरने में भागीदारी निभाई धरनार्थियों का ज्ञापन जिला कलेक्टर को सोपा



# आज खेला जायेगा खिताबी मुकाबला

## सेमीफाइनल लाइन अप तय

## भारतीय रेलवे भिडेगी मोरसिंगी हैंडबॉल नर्सरी से

- हिमाचल प्रदेश का मुकाबला हरियाणा से
- 73 अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों का किया सम्मान
- ऑल इंडिया हनुमान सिंह महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप-2024

चमकता राजस्थान

जयपुर। सवाई मान सिंह इंडोर स्टेडियम में खेली जा रही 19वीं ऑल इंडिया स्व. हनुमान सिंह महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में शुक्रवार को शाम 4 बजे खिताबी मुकाबला खेला जायेगा। सुबह के सत्र में सुबह 8 बजे पहला सेमीफाइनल मैच में भारतीय रेलवे का मुक़ाबला मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी (हिमाचल प्रदेश) से होगा, वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच सुबह 9 बजे हिमाचल प्रदेश व हरियाणा के बीच खेला जायेगा।




आयोजन सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार को ग्यारह लीग मैच खेले गये जिसमें भारतीय रेलवे ने राजस्थान पुलिस को 19-11 (13-04) से, मोरसिंगी हैंडबॉल नर्सरी ने गुजरात को 24-18 (09-07) से, हिमाचल प्रदेश ने पंजाब को 17-10 (08-08) से, हरियाणा ने राजस्थान को 24-12 (15-06) से, राजस्थान पुलिस ने बिहार को 14-05 (08-02) से, गुजरात ने उत्तर प्रदेश को 16-14 (07-07) से, पंजाब ने बिहार को 15-10 (06-05) से, हरियाणा ने उत्तर प्रदेश को 26-14 (13-07) से, मोरसिंगी हैंडबॉल नर्सरी ने राजस्थान को 09-06 (06-03) से तथा हरियाणा ने गुजरात को 13-10 (05-04) से हराया। भारतीय रेलवे व हिमाचल प्रदेश के बीच मैच 18-18 (09-07) से बराबर रहा।

गुरुवार शाम को इस प्रतियोगिता में भाग भाग ले रही 73 अंतरराष्ट्रीय महिला हैंडबॉल खिलाड़ियों भारतीय रेलवे से नीना, भाविका, मोनिका, मेनिका, दीपा, सिमरन, सुषमा, निक्की, काजल, पवित्र, प्रियंका, मोनिका। हिमाचल प्रदेश से दीक्षा, शालिनी, मिताली, भावना, गुलशन, प्रियंका, शैलजा, पल्लवी, मानसी, निधि, काजल, कनिका। मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी (हिमाचल प्रदेश) से जस्सी, चेतना, संजना, कृतिका, अंजलि, पायल, शिवानी, नीतिका, बबीता, हेमलता, मुस्कान, कनिष्का। गुजरात से अंजलि ठाकोर, दीपिका, इशु, सुजाता, तन्नु, तमन्ना, मनीषा, अन्नु। पंजाब से अमनदीप कौर, राजवंत कौर, मनिंदर कौर, बनिता शर्मा, पूजा रानी, बिपनप्रीत कौर, किरणदीप कौर। राजस्थान पुलिस से आरती कुमरी, कनिका रॉय, प्रियंका मीणा, पूजा कँवर , वर्षा जाखड, रूक्मणी बिठु, प्रिया कँवर। राजस्थान से मुस्कान, आरती, मनीषा, टीना, ममता, पूजा गुर्जर। हरियाणा से रेणुका, काफ़ी, रितु, अनिता। उत्तर प्रदेश से समृद्धि सिंह, ऋद्धु पाल, सपना कशयप। बिहार से खुशबू कुमारी , रागिनी कुमारी का सम्मान राज्य हैंडबॉल संघ की महिला विंग की उपाध्यक्ष शीला कलाल, प्रज्ञा भट्ट एवं भारतीय महिला हैंडबॉल टीम की कोच मनीषा राठौड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के एसोसियेट वाइस प्रेसिडेंट ललित कुमार कलाल, राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य जज शैलेंद्र भट्ट, हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की तकनीकी समिति के सदस्य साईंकृष्णा हटंगड़ी व हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के मीडिया प्रभारी अमित पांडे भी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### धौलपुर से बड़ी खबर हथकड़ शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही, भट्टियां एवं वाश किया नष्ट



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** धौलपुर, आबकारी आयुक्त उदयपुर राजस्थान के द्वारा चलाये गये विशेष निरोधात्मक अभियान के अन्तर्गत जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में 17 अक्टूबर को जिला आबकारी अधिकारी घनश्याम शर्मा, सहायक आबकारी अधिकारी आबकारी निरोधक दल भरतपुर लखन व्यास, प्रहराधिकारी धौलपुर देवकरण गुर्जर, आबकारी निरीक्षक वृत धौलपुर राहुल खण्डेलवाड, आबकारी निरीक्षक वृत बाड़ी धर्मवीर पचौरी व भरतपुर प्रहराधिकारी रूप सिंह के संयुक्त कार्यवाही में वृत बाडी के सरमथुरा क्षेत्र व वृत धौलपुर के आदर्श नगर में एक संयुक्त रोड गस्त की गई जिसमें वृत बाडी मे 2 साधारण श्रेणी के अभियोग दर्ज किये गये। वृत धौलपुर में आदर्श नगर में 3 भट्टियों को मौके पर नष्ट किया गया तथा 1450 लीटर वाश नष्ट किया गया। वृत थाना में कुल 3 अभियोग दर्ज किये गये जिनमें 1 केस एसआर श्रेणी का दर्ज किया गया। 2 मुल्जिम को मौके से गिरफ्तार किया गया जिन्हें न्यायालय में पेश किया जायेगा। सम्पूर्ण कार्यवाही में जिले में कुल 5 अभियोग दर्ज किये गये जिनमें 1 एसआर विशेष का केस भी सम्मिलित है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत मिलावटखोरों के खिलाफ करी कार्रवाई

- 1122 लीटर सरसों तेल सीज



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 17 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर प्रदेश में आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गुरूवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने निर्देशन में सरसों तेल का कारोबार करने वाली फर्म पर कार्रवाई की गई।अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं संयुक्त आयुक्त डॉ. एसएन धौलपुरिया के सुपरविजन में जयपुर स्थित कूकरखेड़ा अनाज मंडी में मैसर्स एमके ट्रेडर्स पर केंद्रीय दल के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की गई। मौके से मिलावट के शक के आधार पर मेजर ब्राण्ड सरसों तेल का नमूना लेकर 1122 लीटर सरसों तेल सीज़ किया गया। इसके अलावा मंडी स्थित मैसर्स शिव ट्रेडिंग कम्पनी के यहाँ से घी का नमूना लिया गया। नमूनों की रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

- **विशेष अभियान में 15 हजार किलो से अधिक सामग्री सीज–**

दीपावली के त्योहार के तहत मिलावट की रोकथाम के लिए संचालित विशेष अभियान के तहत अब तक लगभग 185 लीटर खाद्य तेल, 1100 किलो मसाले और 7550 लीटर घी, 6300 किलोग्राम शक्कर सीज की जा चुकी है। इस प्रकार 15200 किलोग्राम दूषित सामग्री पिछले चार-पांच दिनों में सीज की जा चुकी है।साथ ही लगभग 200 लीटर दूषित खाद्य तेल, 630 किलोग्राम पनीर और 1900 किलोग्राम विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, 300 लीटर दूध, 412 किलोग्राम ड्राई फ्रूट 100 किलोग्राम मिल्क केक, 500 किलो मावा, 120 किलो चासनी, 10 किलो लड्डू, 68 किलो रसगुल्ला, 125 किलो नमक, 38 किलो तेल, 260 किलो दूषित सोहनपपड़ी, 25 किलो खराब सब्जियां आदि इस अभियान के दौरान नष्ट कराये जा चुके हैं।

## राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट-2024

# अतिरिक्त जिला कलक्टर ने उद्यमियों से किया संवाद

- 457 करोड़ के निवेश करारों पर भी हुए हस्ताक्षर
- एक हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर होंगे सृजित

चमकता राजस्थान




जयपुर! (खलील कुरैशी)17 अक्टूबर। राइजिंग राजस्थान में जयपुर जिला अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभएगा। जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 8 नवंबर 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। मीट के सफल आयोजन के लिए संपूर्ण जिले के उद्यमियों से संपर्क किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट आशीष कुमार की अध्यक्षता में औद्योगिक क्षेत्र मालवीया स्थित रीको गेस्ट हाउस में औद्योगिक क्षेत्र मालवीया, मानसरोवर, अपैरल पार्क, हीरावाला एवं पीएचडी चम्बर के पदाधिकारियों एवं सदस्य के साथ जयपुर में निवेश के संबंध में चर्चा की गयी। रीको द्वारा स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों में इकाईयां स्थापित करने के रूझान के साथ उद्यमियों द्वारा अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट एवं रीको के अधिकारियों की उपस्थिति में लगभग 457 करोड़ का निवेश किए जाने के एमओयू हस्ताक्षरित किए गए जिनके द्वारा 2 वर्ष के अन्दर इकाई स्थापित कर लगभग 1000 व्यक्तियों को रोजगार प्रस्तावित किया गया है।बैठक में औद्योगिक क्षेत्र मालवीया एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, सचिव हीरालाल राजावत, मानसरोवर औद्योगिक क्षेत्र के महासचिव अभय गुप्ता, सदस्य दिलीप तवर, औद्योगिक क्षेत्र हीरावाला के महासचिव रिंकू अग्रवाल व पीएचडी चैम्बर के प्रतिनिधि राकेश कुमार गुप्ता के साथ-साथ लगभग 30-35 उद्यमियों ने भाग लिया। रीको इकाई कार्यालय जयपुर (दक्षिण) के अर्न्तगत आने वाले औद्योगिक क्षेत्रों के पदाधिकारीयों द्वारा अवगत करवाया गया है कि वर्तमान में औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 1200 की इकाईयां कार्यरत हैं जिसमें औद्योगिक क्षेत्र मानसरोवर एवं अपैरल पार्क में लगभग 300 इकाईया मुख्यतः गारमेन्ट से संबंधित हैं एवं इनके द्वारा लगभग 2000 करोड़ का व्यापार प्रतिवर्ष किया जा रहा है, जिसमें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 25 हजार व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। औधोगिक क्षेत्रों में स्थापित अन्य इकाईयों द्वारा लगभग 1500 करोड़ का व्यापार किया जा रहा है।

## कोटपुतली विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल के जन्मदिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन।

### रक्तदान शूरवीरों ने बढ़-चढ़कर भाग,51 यूनिट रक्त संगृहीत

चमकता राजस्थान।

**कोटपूतली बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)।** कोटपूतली विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल के जन्मदिवस पर कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।जहाँकार्यकर्ताओं ने बढ़-चढकर् रक्तदान करते हुये कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस मौके पर अस्पताल में मरीजों को फलों का वितरण भी किया गया। इस दौरान पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, करण पटेल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, ओमी पटेल, अजय पटेल, कमल पटेल, योगेश पटेल, दिनेश दायमा, राजवीर यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।



## पुलिस शहीद दिवस पर 21 अक्टूबर को आरपीए में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

- गार्ड ऑफ ऑनर के सम्मान के साथ शहीद पुलिस कार्मिकों को दी जाएगी श्रद्धांजलिः डीजीपी यू आर साहू
- पुलिस रेंज और जिलों में भी आयोजित होंगे श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 17 अक्टूबर।** पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में 21 अक्टूबर (सोमवार) को श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम आरपीए स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित होगा। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर भी पुलिस शहीद दिवस के सिससिले में कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

आरपीए में शहीद स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर होगा, इसमें पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू द्वारा सलामी ली जाएगी। साहू शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि देंगे। कार्यक्रम में गत एक वर्ष के दौरान शहीद हुए देशभर के पुलिस अधिकारी और पुलिस कार्मिकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

परेड में शामिल होंगी तीन प्लाटून अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) पुलिस, प्रशासन तथा कानून एवं व्यवस्था विशाल बंसल ने बताया कि आरपीए में आयोजित होने वाले श्रद्धांजलि कार्यक्रम में गार्ड ऑफ ऑनर एवं परेड में पुलिस आयुक्तालय के अलावा आरएसी की चौथी और पांचवीं बटालियन की एक-एक प्लाटून शामिल होगी। स्वैच्छिक रक्तदान और सफाई कार्यक्रम एडीजी बंसल ने बताया कि आरपीए में होने वाले श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद वहां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और स्वच्छता अभियान का आयोजन होगा। इसी प्रकार जिलों में पुलिस लाइन में भी स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और स्वच्छता अभियान होंगे, साथ ही शहीद पुलिस कर्मियों की स्मृति में वृक्षारोपण किया जाएगा, जिसके तहत शहीद पुलिस कर्मियों के परिजन से पौधा लगवाकर उस पर शहीद पुलिस कर्मियों के नाम की पट्टिका भी लगाई जाएगी।

- **जिला स्तरीय कार्यक्रमों में सभी पुलिसकर्मी होंगे शामिल**

उन्होंने बताया कि जयपुर के अतिरिक्त सभी जिलों में शहीद दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जिला मुख्यालय पर स्थित राजस्थान पुलिस की सभी ब्रांच और यूनिट्स के पुलिस कार्मिक भाग लेंगे। इनमें आरएसी, ट्रेनिंग सेंटर, जोन ऑफिस और रेंज सैल शामिल है।

### निर्धारित समय सीमा में प्रोजेक्ट को पूरा करने के दिए निर्देश

# प्रमुख शासन सचिव यूडीएच ने वैभव गालरिया ने किया आईपीडी टावर का दौरा

चमकता राजस्थान




**जयपुर, (खलील कुरैशी) 17 अक्टूबर।** प्रमुख शासन सचिव - यूडीएच वैभव गालरिया ने आईपीडी टॉवर का नगरीय विकास विकास विभाग एवं जेडीए अधिकारियों के साथ दौरा किया और परियोजना की प्रगति की जानकारी ली। प्रमुख शासन सचिव- यूडीएच ने बताया कि आईपीडी टॉवर का 15 मंजिल तक ढांचा कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को आंतरिक साज-सज्जा का कार्य समय सीमा निर्धारित करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रिंसिपल मेडीकल कॉलेज को आईपीडी टॉवर में अस्पताल संचालन हेतु आवशयक मेडीकल उपकरणों का क्रय कर स्थापित (फिक्सिग) करने हेतु निर्देश दिये, जिससे लोकार्पण के समय आईपीडी टॉवर (अस्पताल) क्रियाशील (फंक्शनल) स्थिति में हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने अधिकारियों को कार्डियालॉजी सेंटर का कार्य 30 नवम्बर, 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। प्रमुख शासन सचिव - यूडीएच ने आईपीडी टॉवर के शेष स्ट्रक्चर कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु संसाधन बढाते हुए तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। दौरे के पश्चात प्रमुख शासन सचिव ने प्रिंसिपल मेडीकल कॉलेज कक्ष में आईपीडी टॉवर एवं कार्डियालोजी सेंटर के सफल क्रियान्वयन हेतु मेडीकल कॉलेज के डॉक्टर्स एवं जेडीए अधिकारियों की बैठक आयोजित कर आईपीडी टॉवर एवं कार्डियालोजी सेंटर के क्रियाशील (फंक्शनल) होने से पूर्व फैसिलिटी मैनेजमेंट हेतु निविदा (टेंडर) आंमत्रित करने के निर्देश दिये। इस हेतु एसएमएस मेडीकल कॉलेज की ओर से डॉ. दिनेश गौतम एवं जेडीए की ओर से निदेशक अभियांत्रिकी प्रथम देवेन्द्र गुप्ता को अधिकृत किया गया है। एसएमएस अस्पताल में बनाया जा रहा आईपीडी टावर देश का सबसे बड़ा टावर होगा। इस बिल्डिग में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए 16 लिफ्ट के साथ दो मंजिल पर पार्किंग विकसित की जाएगी। इस परियोजना में 20 ऑपरेशन थिएटर, 100 ओपीडी काउंटर, दो मंजिला बेसमेंट, 1200 बेड, एयर एम्बुलेंस के लिए छत पर हेलीपेड, पहली मजिल पर संगोष्ठी कक्ष, मेडिकल साइंस गैलरी एडमिशन ब्लॉक, दूसरी मंजिल पर रेडियोलॉजी सेवा, डायग्नोस्टिक, एमआरआई सिटी स्कैन, तीसरी मजिल पर छह आईसीयू वार्ड और संबंधित सेवाएं, चौथी मजिल पर पोस्ट और प्रीआपरेटिव वार्ड, न्यूक्लियर मेडिसन, लैब एरिया साथ ही जनरल वार्ड, कॉटेज और डीलक्स रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# जविप्रा उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द बिश्नोई ने निर्बाध रूप से कार्रवाई करके कर दिया अवैध भू-माफियाओं के नाक में दम

## जेडीए ने 25 बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

- **अन्य स्थानों से भी हटाए अतिक्रमण**
- **नवीन अवैध कॉलोनी निर्माताओं में साफ़ तौर पर नजर आने लगा जेडीए की विधिसम्मत ध्वस्तीकरण कार्रवाई का डर**








चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 17 अक्टूबर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-1 में मालवीय नगर पुलिया मयूर गार्डन के पास करीब 1700 वर्गगज बेशकीमती सरकारी भूमि, जे.एल.एन. मार्ग, भास्कर चौराहा के पास जीएसटी कॉलोनी के मुख्य द्वारा के सामने यथास्थिति आदेष के बावजूद लगाये गये कन्टेनर, तारबंदी इत्यादि को हटवाकर उक्त भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन होटल देवी रतन के पास जेडीए स्वामित्व की करीब 22 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया जाकर सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। साथ ही निजी खातेदारी करीब 03 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णतः ध्वस्त किया गया।उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-01 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित मालवीय नगर पुलिया मयूर गार्डन के पास जेडीए स्वामित्व की करीब 1700 वर्गगज बेशकीमती सरकारी भूमि पर अवैध रूप से सीमेन्ट के पिल्लर लगाकर, तारबंदी कर किये गये कब्जे-अतिक्रमणों को जोन-01 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर की सरकारीभूमिकोकब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-01 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित जे.एल.एन. मार्ग, भास्कर चौराहा के पास जीएसटी कॉलोनी के मुख्य द्वारा के सामने यथास्थिति आदेश के बावजूद कन्टेनर लगाकर, तारबंदी कर किये गये कब्जे-अतिक्रमणों को जोन-01 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर की उक्त भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।जेडीए द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ईकोलोजिकल जोन आगरा रोड़ होटल देवी रतन के पास खसरा नं. 08 व 09 जेडीए स्वामित्व की करीब 22 बीघा सरकारीभूमिपरकब्जा'-अतिक्रमण कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई ग्रेवल सड़क, सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल, निर्माणाधीन मकान का ढ़ाँचा, टीनषेडनुमा कोठरी व अन्यअवैधनिर्माणकब्जें-अतिक्रमण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से पूर्णतः ध्वस्तीकरण कर जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि कोकब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया जाकर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।जोन-08 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित मुहाना मण्डी के पास ग्राम जैतपुरा उर्फ हाज्यावाला, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषिभूमिपरजेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''बालाजी एन्कलेव'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-08 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, तृतीय प्रवर्तन अधिकारी जोन-01, 12, 10, 08 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा जयपुर कैलाश चन्द बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों को हेल्पलाईन नं.01412565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7 सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे।

## संक्षिप्त समाचार

### राइजिंग राजस्थान में इन्वेस्ट बढ़ाने के लिए उपखंड अधिकारियों को वीसी के माध्यम से दिए निर्देश

- **निवेश की सभी संभावनाओं को खोजें अधिकारी**
- **निवेशकों के लिए यह सुनहरा अवसर-कलेक्टर कल्पना अग्रवाल**




**चमकता राजस्थान। कोटपूतली बहरोड(धर्मेंद्र बंसल) 17 अक्टूबर।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम के तहत जिले में निवेश को बढ़ावा देने के लिए आज पंचायत समिति सभागार में जनसुनवाई के तुरंत बाद सभी उपखंड अधिकारियों की वीसी के माध्यम से मीटिंग लेकर जिले में निवेश को बढ़ाने के लिए सभी उपखंड अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार का एक महत्वाकांक्षी प्रोग्राम है जिसके तहत निवेशकों के द्वारा अधिक से अधिक एमओयू करवाया जाना प्रस्तावित है । इसके तहत जिला प्रशासन,रीको तथा जिला उद्योग केंद्र भिवाड़ी द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि जिले में अब तक 2 हजार करोड़ के एमओयू प्रस्तावित हो चुके हैं जिन्हें और बढ़ाने की आवशयकता है । इसके लिए सभी उपखंड अधिकारी अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें तथा अपने अधीनस्थ मशीनरी को तुरंत एक्टिव करें।

कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री महोदय, मंत्री गणों तथा मुख्य सचिव द्वारा राज्य में निवेश को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कोटपूतली-बहरोड़ जिले में औद्योगिक क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं विद्यमान है जिले में नीमराना, बहरोड, केशवाना,सोतानाला औद्योगिक क्षेत्र सहित अन्य औद्योगिक क्षेत्र भी विद्यमान है जहां पर निवेशकों के लिए निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

कलक्टर ने कहा कि हमें कोटपूतली-बहरोड़ जिले में राइजिंग राजस्थान के तहत अधिकाधिक निवेश लाना है ताकि यह जिला और अधिक समृद्ध बने, अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिले। उन्होंने चर्चा के दौरान व्यवसायियों की समस्याओं और उनके समाधान पर भी चर्चा की। सभी अधिकारीयों ने आश्वस्त किया कि जिले में निवेश लाने की दिशा में सभी मिलकर सार्थक प्रयास करेंगे। अग्रवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले की अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगा और कोटपूतली-बहरोड़ को एक समृद्ध औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने सभी अधिकारियों और संगठनों से कार्यक्रम की सफल आयोजन की दिशा में पूरा सहयोग करने का आह्वान किया।इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश सहारण,अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास सहित जिला स्तरीय अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी प्रत्यक्ष रूप से तथा सभी उपखंड अधिकारी वीसी के माध्यम से मौजूद रहे।

# सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ विजय सिंह फौजदार की अध्यक्षता में मौसमी बीमारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

## अभिनव अभियान स्वास्थ्य दल आपके द्वार को लेकर जारी किये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

- **मौसमी बीमारियों मे कार्य के प्रति लापरवाही को लेकर जारी किया नोटिस..**

चमकता राजस्थान



जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम। 17 अक्टूबर! जिले में चल रहे 'स्वास्थ्य दल आपके द्वार' अभियान को लेकर मिनी स्वास्थ्य भवन, सेठी कॉलोनी स्थित सभागार मेसीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार की अध्यक्षता मे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी/ प्रभारी,पीएचएम आदि की समीक्षा बैठक आयोजित हुई 'मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने जिले में बढ़ रहे मौसमी बीमारियों को लेकर खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी जमवारामगढ़, आंधी, झोटवाड़ा को मौसमी बीमारियों में लापरवाही को लेकर कारण बताओं नोटिस जारी किया,साथ ही शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी/ प्रभारी आदर्श नगर, तिलक नगर, तोपखाना देश, अंबाबाड़ी, महेश नगर, बरकत नगर, को मौसमी बीमारियों में लापरवाही को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया 'मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने समीक्षा बैठक में बताया कि मच्छर जनित बिमारियों के रोकथाम को लेकर घरों के आसपास के घरों में सोर्स रिडक्शन, एन्टीलार्वल और एंटी एडल्ट गतिविधियां आयोजित करें इसके अलावा, लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने के प्रयोजन से पंपलेट, पोस्टर आदि से प्रचार प्रसार करे ।जल भराव वाले क्षेत्र में टेमीफोस, एमएलओ का छिड़काव करे । घर-घर सर्वे कर बुखार के रोगियों को चिन्हित करें उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम, (स्वास्थ्य) डॉ. इंद्रा गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य-कार्मिकों द्वारा घरों के कंटेनरों जैसे पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, परिंडे, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों रखे पानी जमा हो सकने वाले टायर, कबाड़ आदि की जाँच करें । इसमें लार्वा मिले कंटेनरों को उपचारित करवाया जाए,पानी से भरे कंटेनरों और जल-भराव वाले स्थानों पर मच्छरों की व्युत्पत्ति को रोकने के लिए दवा डाले ' बुखार के मरीजों को चिन्हित करने के साथ ही आमजन को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरुक करेंसमीक्षा बैठक में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी/ प्रभारी, पीएचएम आदि उपस्थित रहे '।

## सांसद मंजू शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों की यशस्वी मौजूदगी में हुई जनसुनवाई

# जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ विधिवत आयोजन

- **185 फरियादियों की हुई सुनवाई, 24 परिवेदनाओं का मौके पर ही हुआ निस्तारण**
- **प्रदेश भाजपा सरकार सीएम भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में आमजन के अभाव अभियोग को समयबद्ध निस्तारण के लिए प्रतिबद्धत :- सांसद मंजू शर्मा**

चमकता राजस्थान



**जयपुर,( खलील कुरैशी) 17 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना एवं जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए गुरुवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ।सांसद मंजू शर्मा सहित विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने 185 परिवादियों के परिवाद सुने, जिनमें से 24 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए कलक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 185 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने पेंशन शुरू करवाने, मौसमी बीमारियों के प्रभावित इलाकों में फॉगिंग करवाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने, पेयजल की सप्लाई सुचारू कराने, पत्थरगढ़ी, कृषि भूमि में आवागमन हेतु रास्ता खुलवाने, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क, आवासीय पट्टा, बनवाने नामांतरण जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजन के प्रति जवाबदेही के साथ समस्याओं का निस्तारण करते हुए राहत देने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन के अभाव अभियोगों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर संवेदनशील हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल ने पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन को नियमित जनसुनवाई के निर्देश दिये हैं। जनसुनवाई में विधायक गोपाल शर्मा, विद्याधर चौधरी, डॉ शिखा मील बराला, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण आनंद शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनिता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) अशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) कुंतल विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) सुमन पंवार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) मुकेश कुमार मूंड, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेर सिंह लुहाड़िया सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय इन्वेस्टमेंट समिट में 10 हजार करोड़ से अधिक का निवेश

# फलौदी जिले के चहुंमुखी विकास और उन्नति के खुले द्वार

## राज्य सरकार उद्यमियों के प्रोत्साहन के लिए दृढ़ संकल्पितः मदन दिलावर शिक्षा मंत्री

चमकता राजस्थान






**जयपुर!(खलील कुरैशी) 17 अक्टूबर।** औद्योगिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण फलौदी जिले में उद्योग और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए गुरुवार को राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट का आयोजन शिक्षा मंत्री एवं फलौदी प्रभारी मंत्री मदन दिलावर के मुख्य आतिथ्य में पगड़ी रिसॉर्ट में हुआ। जिला मुख्यालय पर आयोजित इन्वेस्टर मीट में 138 से ज्यादा उद्यमियों ने 10 हजार 600 करोड़ के एमओयू किए।इस दौरान प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने फलौदी जिला प्रशासन व उद्योग विभाग द्वारा लगाई गई प्रमुख उद्योगों की विभिन्न स्टॉलो का अवलोकन करते हुए कार्यों की सराहना की। प्रभारी मंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्र स्टॉल, सोनामुखी इंडस्ट्रीज स्टॉल,श्री राम किशन साल्ट,बैंकिंग प्रॉडक्ट, श्री खतरी फूड,साईं इंजीनियरिंगवर्क्स,कलानिवास,राजीविका,पंवार जूती कॉर्नर,रमा देवीफाउंडेशन,रोमोफी एग्रो सहित विभिन्न स्टॉलो का अवलोकन किया।इन्वेस्टर समिट में संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री मदन दिलावर ने उद्यमियों को आश्वास्त किया कि राज्य सरकार उद्यमियों के निवेश को समृद्ध व सुरक्षित बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को राजस्थान में निवेश करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम व विदेश दौरे करते हुए निवेशकों को प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा जिले में औद्योगिक विकास की विपुल संभावनाएं हैं। पर्यटन की दृष्टि से कुरजा,भड़ला में सबसे बड़ा सोलर प्लांट,सोनामुखी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमियों के अपार अवसर हैं। राज्य सरकार उद्यमियों को निवेश के अनुकुल वातावरण उपलब्ध करवाया जा रहा हैं जिससे रोजगार के नए आयाम स्थापित होंगे।इन्वेस्टर समिट में संबोधित करते हुए जिला कलक्टर एच.एल अटल ने जिले में उत्साह के साथ निवेश करने वाले सभी उद्यमियों को बधाई देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उद्योगों के विकास के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट का उद्वेशय हमें औद्योगिक दृष्टि से परिपूर्ण, उतरदायी और मिशन रूप में तैयार होना हैं। फलोदी जिला औद्यौगिक दृष्टि से राइजिंग जिला हैं।उन्होंने कहा कि जिलेवासियों में उद्यमशीलता स्थापित परम्परा हैं। साल्ट,सोलर और सोनामुखी हमारे जिले के बेहतरीन उत्पाद हैं जिनसे यहां विकास की विपुल संभावनाएं हैं।फलोदी विधायक पब्बाराम बिश्नोई ने संबोधित करते हुए कहा कि जिले में निवेश की अपार संभावनाएं हैं तथा फलोदी जिला पर्यटन,सांस्कृतिक व औद्यौगिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण जिला हैं।

इस दौरान प्रशासन व उद्योग विभाग द्वारा जिले की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, औद्योगिक व पर्यटन स्थलों पर आधारित लघु फ्लिम दिखाई गई। उद्योग महाप्रबंधक डॉ अंजुला आसदेव ने राज्य सरकार की विभिन्न औद्योगिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में निवेशकों को जानकारी दी गई। उद्योग महाप्रबंधक ने बताया कि जिले में 138 से अधिक निवेशकों ने 10 हजार 600 करोड़ रूपए के एमओयू हुए हैं। जिनमें रिसॉर्ट,होटल सेक्टर के 223.54 करोड़ रूपए के 15 प्रस्ताव, सोलर प्लांट के 8838.87 करोड़ रूपए के 60 प्रस्ताव, एग्रो इंडस्ट्रीज के 317.28 करोड़ रूपए के 22 प्रस्ताव, हॉस्पिटल के 287 करोड़ रूपए के 7 प्रस्ताव तथा साल्ट, रिफयनरीज, व्हीकल फिटनेस सेंटर, शॉपिंग मॉल, वेयर हाउस,स्कूल, सोनामुखी सहित अन्य सेक्टर के 934 करोड़ रूपए के 34 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन्वेस्टर समिट में एडन रिन्यूएबल इंडिया द्वारा 5000 करोड़ बड़ी सीड में सोलर एनर्जी के नए प्रोजेक्ट लगाए जाएंगे। इसी प्रकार एनटीपीसी द्वारा 2500 करोड़ के भड़ला में तथा डारा सोलर द्वारा 350 करोड़ के सोलर एनर्जी के नए प्रोजेक्ट लगाए जाएंगे।इन्वेस्टर समिट समारोह के अंत में धन्यवाद संबोधन देते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल राम बिरडा ने इन्वेस्टर समिट के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार उद्योगों के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। इस दौरान नगर परिषद सभापति पन्नालाल व्यास,संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह, प्रभारी सचिव करण सिंह, वित्तीय सलाहकार उद्योग रामावतार शर्मा, विवेक कोडेसिया, मनोज दुबे, रूमा देवी, कनक कुमार, पप्पुराम डारा सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री ने ली नगर निगम उत्तर एवं दक्षिण की समीक्षा बैठक दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

### बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो : झाबर सिंह खर्रा स्वायत्त शासन राज्यमंत्री



चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 17 अक्टूबर। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने गुरुवार को जोधपुर के मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में नगर निगम उत्तर एवं नगर निगम दक्षिण की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी,शहर विधायक अतुल भंसाली, नगर निगम आयुक्त टी शुभमंगला, सचिव डॉ सुनीता पंकज सहित अन्य विभागीय उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे।

- **बजट घोषणाओं को प्राथमिकता से धरातल पर उतारा जाए**

बैठक के दौरान मंत्री खर्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश सरकार की बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का ध्येय है कि बजट में की गई घोषणाओं को यथाशीघ्र धरातल पर उतारा जाए, ताकि जनहित से जुड़े कार्यों का लाभ आमजन तक पहुंच सके।

- **अधिकारियों से समन्वय और मॉनिटरिंग पर जोर**

खर्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभागीय समन्वय और प्रभावी मॉनिटरिंग के माध्यम से कार्यों को संपादित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के बीच तालमेल होना जरूरी है, ताकि किसी भी कार्य में देरी न हो। उन्होंने समय पर परियोजनाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत करने और उनकी प्रगति की जानकारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- **निगमों की कार्यप्रणाली की समीक्षा**

बैठक के दौरान नगर निगम उत्तर एवं नगर निगम दक्षिण द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। प्रजेंटेशन में निगमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों, स्वच्छता अभियान, सड़क निर्माण, जल निकासी और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। मंत्री ने प्रजेंटेशन के आधार पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- **महत्वपूर्ण परियोजनाओं की नियमित निगरानी**

खर्रा ने कहा कि सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की नियमित निगरानी की जानी चाहिए, ताकि कार्यों की प्रगति पर नजर रखी जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी परियोजना में देरी होने पर उसका कारण स्पष्ट किया जाए और जल्द से जल्द समाधान निकाला जाए। मंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए।

- **जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हो**

» खर्रा ने जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और अन्य नागरिक सेवाओं को और बेहतर करने के लिए नियमित निरीक्षण और शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत किया जाना चाहिए।

### राजस्थान विधानसभा उपचुनाव-2024

# टेलीकॉम कंपनियां केवल अधिप्रमाणित विज्ञापन, ऑडियो सन्देश ही प्रसारित करें

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने मोबाइल कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए

चमकता राजस्थान



जयपुर! (खलील कुरैशी) 17 अक्टूबर। प्रदेश के 7 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के दौरान राजनैतिक विज्ञापन, रिकार्डेड ऑडियो कॉल और बल्क मोबाइल संदेश आदि का सक्षम स्तर से अधिप्रमाणन के बिना प्रसारण करने सहित आचार संहिता के उल्लंघन होने पर निर्वाचन विभाग सम्बंधित मोबाइल ऑपरेटर और टेली मार्केटिंग फर्म के खिलाफ कार्रवाई करेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने इस विषय में मोबाइल कंपनियों के प्रतिनिधियों को हिदायत दी है। नवीन महाजन ने गुरुवार को मोबाइल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहा कि उपचुनाव वाले क्षेत्रों में सभी ऑपरेटर आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करवाने में निर्वाचन विभाग का सहयोग करें। इसके लिए मोबाइल कंपनी के स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए उनके प्लेटफार्म से कोई भी गैर-अधिप्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन, अपील अथवा बल्क चुनावी सन्देश प्रसारित नहीं हो। उन्होंने कहा कि स्वतन्त्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए आवश्यक है कि मोबाइल कंपनियां भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना करें।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी मोबाइल ऑपरेटर अपनी टेली मार्केटिंग सेवाएं देने वाली ग्राहक कंपनियों को भी निर्देश दें कि मोबाइल संदेश आदि के जरिए आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो। यदि कोई चुनाव अभ्यर्थी या उसका एजेंट किसी टेली मार्केटिंग कंपनी के माध्यम से गैर-प्रमाणित संदेश प्रसारित करता है, तो उसके खिलाफ भी जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने मोबाइल ऑपरेटर को ऐसी रिपोर्ट अथवा शिकायत होने पर संबंधित के खिलाफ त्वरित जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। महाजन ने स्पष्ट किया कि मतदान समाप्ति से पहले के 48 घंटे (साइलेंस पीरियड) के दौरान मोबाइल फोन संदेश के माध्यम से किसी पार्टी या अभ्यर्थी विशेष के पक्ष में वोट देने की अपील करना प्रतिबंधित है।मोबाइल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने महाजन से कहा किगैर-प्रमाणित विज्ञापन अथवा संदेश प्रसारित करने के क्रम में निर्वाचन विभाग के निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाएगी। टेली मार्केटिंग कंपनियों को भी इस विषय में निर्देश जारी किए जाएंगे तथा उनकी ओर से नियम की अवहेलना पर उसके सम्बन्ध में समुचित कार्यवाही की जाएगी। बैठक में भारत सरकार के दूरसंचार विभाग और बीएसएनएल, एयरटेल, वोडाफोन और जियो कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जिला कलक्टर ने पारसोली और बेंगू पुलिस थाने का निरीक्षण किया

## छात्रावास का निरीक्षण किया, गाइड की बजाय किताब से पढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया

चमकता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ !(बाबू अग्नानी)** जिला कलक्टर आलोक रंजन ने गुरुवार को पुलिस थाना पारसोली और बेंगू का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से पुलिस थाना क्षेत्र में अपराधों, महिला - बाल परिवादों, हिस्ट्रीशीटर आदि की जानकारी ली। उन्होंने पत्रावलियों का अवलोकन कर फाइलों का शीघ्र निस्तारण करने, ई - फाइल पर कार्य करने, कार्यालय में साफ सफाई व सामान्य व्यवस्था सुचारू रखने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिन मामलों में एफआर लग गई है और वाहन अभी भी थाना परिसर में पड़े हुए हैं इस संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस संबंध में संधारित रजिस्टर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बेगू थाने में निर्माणाधीन नवीन थाने के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर रावतभाटा विनोद कुमार मल्होत्रा, उपखंड अधिकारी मनस्वी नरेश, डिप्टी भगवत सिंह, उपनिरीक्षक प्रेम सिंह सहित अधिकारी उपस्थित रहे।छात्रावास का निरीक्षण किया, गाइड की बजाय किताब से पढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया जिला कलक्टर ने राजकीय देवनारायण आदर्श बालिका छात्रावास बेंगू का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां डाइनिंग हॉल, रसोई घर, स्टडी रूम आदि का निरीक्षण कर छात्राओं से उनकी पढ़ाई, भोजन की गुणवत्ता, खेल कूद गतिविधियों, करियर, मिलने वाली आवश्यक सामग्री, उनकी समस्याओं आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बालिकाओं को हिंदी व साइंस विषय की पढ़ाई करवाई और गाइड की बजाय किताब से पढ़ने, जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने निरीक्षण पंजिका का अवलोकन कर अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर रावतभाटा विनोद कुमार मल्होत्रा, उपखंड अधिकारी मनस्वी नरेश, सामाजिक न्याय एवं अधिकारी का विभाग के उपनिदेशक अशीन शर्मा सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बेंगलुरु टेस्ट: न्यूजीलैंड ने बनाई 134 रनों की बढ़त

**बेंगलुरु। एजेंसी**




भारत एवं न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे तीन मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। पहली पारी में भारतीय टीम के 46 रनों पर ऑलआउट होने के बाद न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी कर गुरुवार को खेल समाप्त होने तक 3 विकेट खोकर 180 रन बना लिए हैं। मेहमान टीम ने 134 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। रचिन रवींद्र 22 रन और डेरिल मिचेल 14 रन पर नाबाद हैं।

पहली पारी में भारत को कम स्कोर पर समेटने के बाद बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड टीम को पहली पारी में सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे और कप्तान टॉम लैथम ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने टीम के स्कोर को 50 रन के पार पहुंचाते हुए भारतीय टीम पर बढ़त बना ली।

न्यूजीलैंड का पहला विकेट कुलदीप यादव ने झटका। उन्होंने कप्तान टॉम लैथम को एलबीडब्ल्यू किया। लैथम ने 15 रन बनाए। इसके बाद कॉनवे ने विल यंग के साथ पारी को आगे बढ़ाया। कॉनवे ने तेजी से रन बटारते हुए 54 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट विल यंग के रूप में गिरा। यंग 73 गेंदों पर 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दूसरे छोर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक की ओर बढ़ रहे कॉनवे को रविचंद्रन अश्विन ने बोल्ड कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। कॉनवे ने 105 गेंदों पर 11 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 91 रन बनाए। इसके बाद दिन का खेल खत्म होने तक मेहमान टीम का और कोई विकेट नहीं गिरा। टीम ने 3 विकेट पर 180 रन बना लिए हैं और उसकी बढ़त 134 रनों की हो गई है। भारतीय टीम की ओर से कुलदीप यादव, रविचंद्रन अश्विन और रविन्द्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम की पहली पारी केवल 46 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 20 रन बनाए, जबकि पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके और तीन बल्लेबाज तीन रनों का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। पहला दिन बारिश के कारण धुल जाने के बाद, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को दूसरे दिन टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि उनका यह फैसला गलत साबित हुआ। भारतीय टीम की शुरूआत काफी खराब रही। चिन्नास्वामी की पिच पर कीवी तेज गेंदबाजों की गेंद स्विंग भी कर रही थी और उछाल भी ले रही थी, जिसके कारण भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशानी हो रही थी।

**● कॉनवे ने 105 गेंदों पर 11 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 91 रन बनाए**

भारत को पहला झटका टिम साउथी ने कप्तान रोहित शर्मा (02) को बोल्ड करके दिया। इसके बाद विराट कोहली (00) और सरफराज खान खाता भी नहीं खोल सके। कोहली को विलियम ओ'रूर्के और सरफराज को मैट हेनरी ने पवेलियन भेजा। इसके बाद पंत और यशस्वी जयसवाल ने 21 रन की छोटी सी साझेदारी की। 31 के कुल स्कोर पर ओ'रूर्के ने जायसवाल (13) को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। जायसवाल के आउट होने के बाद केएल राहुल (00) और रवींद्र जडेजा (00) भी चलते बने। राहुल को ओ'रूर्के और जडेजा को मैट हेनरी ने अपना शिकार बनाया। भारत ने लंच तक केवल 34 रन पर 6 विकेट खो दिये। लंच के बाद भारतीय बल्लेबाजी ज्यादा देर नहीं टिक सकी और केवल 12 रन जोड़कर बाकी 4 बल्लेबाज भी पवेलियन लौट गए। भारत की तरफ से केवल ऋषभ पंत (20) और यशस्वी जयसवाल (13) ही दहाई का आंकड़ा छू सके, जबकि विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा और रविंचंद्रन अश्विन खाता भी नहीं खोल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड राज्य-स्तरीय बालक-बालिका मलखंब प्रतियोगिता 19 व 20 अक्टूबर को



**रांची।** झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन से पंजीकृत रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वाधान में झारखंड राज्य स्तरीय बालक - बालिका मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 19 एवं 20 अक्टूबर 2024 को बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा, रांची के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता 3 आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी, जिसमें सब जूनियर 14 वर्ष से कम ,जूनियर 18 वर्ष से कम ,सीनियर 18 वर्ष से ऊपर। बालक वर्ग के लिए पोल मलखंब,रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब और पिरामिड प्रतियोगिता, जबकि बालिका वर्ग के लिये रोप मलखंब ,पोल मलखंब और पिरामिड की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसी प्रतियोगिता के आधार पर जूनियर एवं सीनियर झारखंड बालक-बालिका टीम का चयन किया जाएगा जो आगामी माह दिनांक 14 से 18 नवम्बर 2024 तक विलासपुर, छत्तीसगढ में आयोजित जुनियर एवं सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। सभी जिला अध्यक्ष/महासचिव से आग्रह है कि सभी वर्गों में कम से कम छह खिलाड़ी का प्रवेश जरूर कराना सुनिश्चित करेंगें। प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे किया जाएगा। यह जानकारी झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

### सेल्टा ने कोच गिराल्डेज का करार दो साल बढ़ाया

**मैड्रिड।** ला लीगा क्लब सेल्टा विगो ने अपने कोच क्लाउडियो गिराल्डेज का अनुबंध जून 2027 के अंत तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार को पुष्टि की। 36 वर्षीय पूर्व बी-टीम कोच, जिन्होंने पिछले सीजन के अंत में राफेल बेनिटेज की जगह ली थी, का पिछला अनुबंध जून 2025 में समाप्त होने वाला था। दो साल का विस्तार पिछले सीजन में सेल्टा को निर्वासन से बचाने और वर्तमान अभियान की शानदार शुरूआत के लिए उनके काम का इनाम है, जिसमें टीम ने नए अभियान के अपने पहले नौ मैचों में 13 अंक हासिल किए हैं, जबकि गिराल्डेज की आक्रामक फुटबॉल शैली की बदौलत क्लब ने इस प्रक्रिया में 16 गोल किए हैं। उनके नेतृत्व में क्लब ने 19 खेलों में 30 अंक हासिल किए हैं, जिसे अगर पूरे सीजन तक बनाए रखा जाए, तो यह यूरोपीय प्रतियोगिताओं में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश करेगा।

### सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच पद से हटेंगे डेल स्टेन, की पुष्टि



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने घोषणा की है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच के रूप में वापसी नहीं करेंगे। हालांकि, स्टेन ने कहा कि वह एसए20 लीग में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ कोचिंग में बने रहेंगे। स्टेन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा आईपीएल में गेंदबाजी कोच के रूप में मेरे साथ कुछ साल बिताने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद को बहुत-बहुत धन्यवाद, दुर्भाग्य से, मैं आईपीएल 2025 के लिए वापस नहीं आऊंगा। हालांकि, मैं यहां दक्षिण अफ्रीका में एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ काम करना जारी रखूंगा। इस साल की शुरूआत में, स्टेन ने व्यक्तिगत कारणों से आईपीएल 2024 के लिए खुद को अनुपलब्ध कर लिया था।

### विश्व कप 2026 से पहले इंग्लैंड के मुख्य कोच नियुक्त हुए थॉमस ट्यूशेल

**लंदन।** फीफा विश्व कप 2026 को ध्यान में रखते हुए थॉमस ट्यूशेल को बुधवार को इंग्लैंड का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। जर्मनी के ट्यूशेल, जिन्होंने पहले पेरिस सेंट-जर्मेन, चेल्सी और बायर्न म्यूनिख का प्रबंधन किया था, 2026 विश्व कप से पहले जनवरी 2025 में अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। इंग्लिश फुटबॉल एसोसिएशन ने कहा कि जुलाई में यूरोपीय चैम्पियनशिप के बाद पद छोड़ने वाले गैरेथ साउथगेट की जगह लेने के लिए व्यापक तलाश के बाद ट्यूशेल को चुना गया। ट्यूशेल ने जर्मनी, फ्रांस और इंग्लैंड में प्रमुख ट्रॉफी जीतीं और दिवंगत स्वेन-गोरान एरिक्सन और फैबियो कैपेलो के बाद इंग्लैंड के तीसरे विदेशी कोच हैं।

## कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज

**वरीय संवाददाता**



**रांची।** रांची कैथोली महाधर्मप्रांत ने स्वः कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो की स्मृति में हुलहुंडू मैदान में 17 से 21 अक्टूबर तक इंटर कैथॉलिक पल्ली फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया है। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ रांची के वर्तमान महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद के द्वारा गुरुवार को किया गया। ज्ञात हो कि व्यक्तित्व और गुण के धनी स्वः कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो रांची महाधर्मप्रांत के पूर्व महाधर्माध्यक्ष रहे जिन्हें कार्डिनल के पद पर नियुक्त किया गया और इस प्रकार वे पूर्ण एशिया में पहले आदिवासी रहे जिन्हें कार्डिनल की उपाधि दी गई।

स्वः टोप्पो का निधन 84 वर्ष की उम्र में कॉन्स्टेंट लिवन्स हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, मांडर में 04 अक्टूबर 2023 में हुआ। गरीबों के करीब रहने वाले, शिक्षा को बढ़ावा देने वाले ऐसे महान व्यक्ति को 11 अक्टूबर 2023 को राजकीय भावभीनी अंतिम विदाई दी गई। उनके स्मरण में इस टूर्नामेंट में 20 पल्ली के टीमें भाग ले रहीं हैं। इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को रु 51,000/-, उप विजेता को रु 31,000/- और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली टीम को रु 21,000/- की राशि पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद ने इस शुभारंभ पर सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्हें फुटबॉल खेल द्वारा एक साथ मिलकर काम करने, अनुशासित बनने का संदेश दिया। इस टूर्नामेंट का पहला मैच रांची और हुलहुंडू के बीच खेला गया। इस मौके पर महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद के अलावा विजय लकड़ा पूर्व डीआईजी रोशन तीडू टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक, फा. संजय तिर्की हुलहुंडू पल्ली के पल्ली पुरोहित, अन्य पुरोहित धर्मबहनें एवं फुटबॉल खेल प्रेमी शामिल हुए। खिलाड़ियों ने अपने अच्छे खेल प्रदर्शन द्वारा सभी फुटबॉल प्रेमियों और दर्शकों का मनोरंजन किया।

## टेनिस : सेमी फाइनल में हरियाणा के उदित ने महाराष्ट्र के राज जितेन्द्र को दी मात

**लखनऊ। एजेंसी**




आइटा मेन्स टेनिस टूर्नामेंट में गुरुवार को सेमी फाइनल मुकाबले खेले गये। उन्नाद टेनिस एकेडमी में खेले गये मैच में खिलाड़ियों ने जमकर उत्साह दिखाया। दर्शक भी बीच-बीच में खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते रहे। एकल मुकाबले में हरियाणा के प्रथम वरियता प्राप्त उदित कम्बोज ने महाराष्ट्र के राज जितेन्द्र को सीधे सेटों में 7-5, 6-2 से हरा कर फाइनल में जगह बना ली। पहले हाफ में दोनों के बीच काफी देर तक कांटे का टक्कर चलता रहा, लेकिन अंत में उदित ने बाजी मार ली। दूसरे हाफ में उदित शुरू से ही हावी हो गये और अंत तक हावी रहे। वहीं दूसरे एकल मुकाबले में झारखंड के द्वितीय वरियता प्राप्त एकलव्य सिंह ने उप्र के तृतीय वरियता प्राप्त सजल केसरवानी को सीधे सेटों में 6-2,6-3 से हरा दिया। वहीं डबल मुकाबलों में उप्र के सजल केसरवानी और महाराष्ट्र के तनिष्क जाधव की जोड़ी ने कड़े मुकाबले में महाराष्ट्र के प्रनव और राज जितेन्द्र की जोड़ी को 6-7, 6-3, 10-5 से मात दे दी। वहीं दूसरे सेमी फाइलन डबल मुकाबले में उप्र के वंश यादव और आनंद गुप्ता की जोड़ी ने हरियाणा के सावन मलिक औरगजराज सांगवान की जोड़ी को सीधे मुकाबले में 6-3, 6-3 से मात देकर बढ़त बना ली। वहीं फाइनल डबल मुकाबले में उप्र के सजल केसरवाननी और महाराष्ट्र के तनिष्क की जोड़ी ने उप्र के वंश यादव और आनंद गुप्ता की जोड़ी को कड़े मुकाबले में 3-6, 6-3, 12-10 से मात दे दी।

### न्यू साउथ वेल्स की टीम में शामिल हुए स्मिथ और मिशेल

**मेलबर्न।** स्टीवन स्मिथ और मिशेल स्टार्क रविवार से एमसीजी में शेफील्ड शील्ड में विक्टोरिया के खिलाफ न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के लिए खेलेंगे, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मकाल की तैयारी कर सकें। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड शील्ड प्रतियोगिता में नहीं खेलेंगे, लेकिन 25 अक्टूबर को जंक्शन ओवल में वन-डे कप मैच खेलने की उम्मीद है। कमिंस के भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले कोई लाल गेंद वाला क्रिकेट खेलने की उम्मीद नहीं है, जबकि यही बात अब हेजलवुड पर भी लागू हो सकती है, क्योंकि शील्ड का तीसरा दौर पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला की शुरूआत के साथ ओवरलैप हो रहा है।

## जीपीएम जिला खेल जिला के नाम से पूरे प्रदेश में जाना जाता है : अरूण

**गौरेला पेंड्रा मरवाही/रायपुर। एजेंसी**



गुरूकुल खेल मैदान पेंड्रारोड में आयोजित चार दिवसीय 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का गुरुवार को विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण के साथ ही समापन हुआ। अध्यक्ष जिला पंचायत बिलासपुर अरूण सिंह चौहान समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि जीपीएम जिला खेल जिला के नाम से पूरे प्रदेश में जाना जाता है। यहां राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित होना गौरव की बात है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि तन, मन स्वस्थ होने से खिलाड़ी अपने परिवार, समाज, देश को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आने वाले वर्षों में और अच्छा प्रदर्शन करने शुभकामनाएं दी।

अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे ने स्वागत संबोधन और जिला शिक्षा अधिकारी जेके शास्त्री ने खेल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, स्कूल शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा विगत 14 अक्टूबर को प्रारंभ हुए राज्यस्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में राज्य भर के 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के 600 खिलाड़ी एवं कोचेस शामिल हुए। खिलाड़ियों ने तीन खेल विधाओं- ताइक्वांडो, जिमनास्टिक एवं क्रिकेट प्रतियोगिता में अलग-अलग खेल मैदानों में भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में समस्त खेलों के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि अरूण चौहान ने ध्वजातरण, हस्तांतरण एवं समर्पण के बाद प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की। समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पुष्पेश्वरी तंवर, जनपद अध्यक्ष गौरेला ममता पैकरा, जनपद अध्यक्ष पेण्ड्रा आशा बबलू मरावी, जिला मुख्य आयुक्त स्कॉट गाइड नीरज जैन, गणमान्य नागरिक राकेश चतुवेर्दी, बृजलाल राठौर, मुकेश दुबे, राजकुमार रोहणी, आशीष गुप्ता, कुलदीप सिंह, मनीष श्रीवास, तापस शर्मा, अखिलेश नामदेव, एसडीएम पेण्ड्रारोड अमित बेक, जिला खेल अधिकारी सीमा डेविड, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, कोच, मैनेजर, व्यायाम अनुदेशक, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## व्यापार

## प्राणिक लॉजिस्टिक्स के शेयरों में लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में लिस्टिंग के जरिये सिर्फ एक कंपनी ने कारोबार की शुरूआत की। देशभर में लॉजिस्टिक्स सर्विस देने वाली कंपनी प्राणिक लॉजिस्टिक्स के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए। कंपनी के शेयरों की 2.60 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्टिंग हुई। आईपीओ के तहत कंपनी ने 77 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे लेकिन उनकी लिस्टिंग इश्यू प्राइस से 2 रुपये ऊपर यानी 79 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने से थोड़ी ही देर में ये शेयर उछल कर 82.95 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही इस शेयर से 7.73 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। प्राणिक लॉजिस्टिक्स का 22.47 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 14 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 218 गुना से भी अधिक सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल्स बायर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 35.67 गुना सब्सक्रिप्शन आया था, जबकि नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 744.05 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

### तीन दिन की कमजोरी के बाद महंगा हुआ सोना

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार तीन दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में भी बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 78,050 रुपये से लेकर 77,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,560 रुपये से लेकर 71,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु भी 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,900 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## मजबूत शुरुआत के बाद शेयर बाजार पर बढ़ा दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में दबाव बना नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलने के बाद चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई। इस बिकवाली की वजह से शेयर बाजार की चाल में गिरावट आ गई। हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली करके बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की, इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में कमजोरी बनी रही। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.34 प्रतिशत और निफ्टी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, टेक महिंद्रा, और टीसीएस के शेयर 1.49 प्रतिशत से लेकर 0.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, आयशर मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और ट्रेंट लिमिटेड के शेयर 9.04 प्रतिशत से लेकर 2.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,347 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 635 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,712 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 21 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 12 शेयर हरे निशान में और 38 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा।

डाउ जॉन्स 330 अंक की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,842.47 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,367.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 43,013.96 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.96 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,329.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,492 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

# भाजपा में उपचुनाव जीतने की रणनीति तैयार, कांग्रेस के सामने अपनी सीट बचाने की चुनौतिः मदन राठौड़

## मोदी के लिए 140 करोड़ देशवासी परिवार के सदस्य, हर वर्ग के उत्थान के लिए किए कार्यः मदन राठौड़

चमकता राजस्थान

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति कर वोट बैंक को साधने का काम करती है, जबकि कांग्रेस ने आज तक अल्पसंख्यक वर्ग के जीवन स्तर को सुधारने के लिए कोई काम नहीं किया। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीन तलाक को समाप्त कर अल्पसंख्यक बहनों के सम्मान की रक्षा की, तो दूसरी ओर करीबन 2 करोड़ से अधिक आवास अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को दिए। ऐसे में एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जो देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते है, तो दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी है जिसने अल्पसंख्यक वर्ग का कभी भला नहीं किया, लेकिन दुरूपयोग हमेशा ही किया।




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने भ्रम फैलाया कि ये संविधान खत्म कर देंगे, आरक्षण समाप्त कर देंगे, लेकिन भाजपा ने छेड़ा तक नहीं। कांग्रेस देश और समाज को तोड़ने का काम करती है, लेकिन दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जो ''सर्वे भवंतु सुखिने..'' की भावना के साथ सभी के विकास और हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रहे है।

### देश और समाज को तोड़ने वालों को जनता ने ठुकराया, उपचुनावों में नहीं चलेगा कांग्रेस का भ्रमः मदन राठौड़

### कांग्रेस पार्टी ने अल्पसंख्यक वर्ग का कभी नहीं किया भला, तुष्टिकरण की नीति अपनाकर किया दुरूपयोगः- मदन राठौड़

ऐसे में समाज को तोड़ने वालों को अब जनता ठुकरा रही है। राजस्थान विधानसभा के बाद हरियाणा में जनता ने कांग्रेस को सबक सिखाया तो जम्मू-कश्मीर में भी भाजपा का जनाधार बढ़ा है। ऐसे में अब प्रदेश के उपचुनावों में भी जनता कांग्रेस को सबक सिखाने का कार्य करेगी। उपचुनाव कांग्रेस के लिए चुनौति है, कांग्रेसी नेताओं को अपनी सीट बचाने के लिए कोशिश करनी चाहिए। भाजपा कांग्रेस से उनकी सीट छीनेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सुदृढ़ संगठन है, यहां उपचुनावों की पूरी तैयारी कर ली गई है। केंद्रीय योजनाओं के साथ प्रदेश सरकार के कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएंगे और मुझे पूर्ण विश्वास है कि जनता उपचुनावों में भी कमल खिलाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डबल इंजन सरकार ने एमएसपी बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाने का काम किया तो रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल की रेट कम की, बिजली उत्पादन से लेकर वितरण तक की व्यवस्था में सुधार किया, सड़कों के लिए बजट, या यूं कहा जाए कि हर क्षेत्र में हर वर्ग के लिए कार्य किया है। ऐसे में भाजपा उपचुनावों की सभी सीटों भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गुणवान विद्यार्थियों को सम्मान से मिलता है प्रोत्साहन : राजीव अरोड़ा






**चमकता राजस्थान/जयपुर।** जयपुर के सी स्कीम स्थित महावीर दिगम्बर उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को यूनिराज एलुमिनी फेडरैशन द्वारा होनहार विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। फेडरैशन के संस्थापक और जयपुर के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी तथा वरिष्ठ नेता राजीव अरोड़ा ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया। इस वर्ष में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन देकर आगे बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राजीव अरोड़ा ने कहा कि विद्यार्थी समाज और राष्ट्र की धुरी होते हैं। विद्यार्थियों की उन्नति ही राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करती है। जब विद्यार्थियों को सम्मान दिया जाता है, तो वो और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। अरोड़ा ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ रचनात्मक कार्यक्रमों में भागीदारी करने का आ''ान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी उन्नति के साथ ही देश और समाज की उन्नति में भी योगदान देने की अपील भी की।

कार्यक्रम में सैंकड़ों विद्यार्थियों के साथ ही यूनिराज एलुमिनी फेडरैशन के संस्थापक डायरेक्टर डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. नितिन शारदा भगेरिया, संजय झांवर, बसंत जैन, अनिल गोयल, विद्यालय की प्रिंसिपल रेणु गोस्वामी तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### अवैध खनन पर प्रशासन की कड़ी कार्यवाही



**चमकता राजस्थान /रमेश मोदी। गंगधार(झालावाड़)**। एसडीएम दिनेश मीणा के नेतृत्व में गंगधार तहसीलदार जतिन दिनकर व गंगधार थानाधिकारी अमरनाथ जोगी पुलिस टीम की अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्यवाही। गंगधार थाना क्षेत्र के गांव रावत पूरा के नजदीक बहनेवाली नदी छोटी काली सिंध में अवैध बजरी खनन की सूचना पर प्रशासन व पुलिस टीम मौके पर पहुची एक ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त व करीब 20 ट्रॉली बजरी स्टॉक जप्त किया। सूत्रो अनुसार मौके पर कई जेसीबी ट्रैक्टर कर रहे थे खनन,लेकिन कार्यवाही की भनक पड़ने पर मौके से हुए फरार। प्रशासन की अवैध खनन पर की गई कार्यवाही से खनन माफियाओ में हड़कंप मच गया।

## आईपीडी टावर का मेडिकल उपकरण लगा कर 15 मंज़िलि का काम करें पूरा : वैभव गालरिया

चमकता राजस्थान

जयपुर। नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव यूडीएच वैभव गालरिया ने जेडीए अधिकारियों के साथ आईपीडी टॉवर का दौरा कर परियोजना की प्रगति की जानकारी ली।

प्रमुख शासन सचिव यूडीएच ने बताया कि आईपीडी टॉवर के 15 मंजिल तक के ढांचा का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को आंतरिक साज-सज्जा का कार्य समय सीमा निर्धारित करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रिंसिपल मेडीकल कॉलेज को आईपीडी टॉवर में अस्पताल संचालन के लिए आवश्यक मेडिकल उपकरणों का क्रय कर स्थापित (फिक्सिंग) करने के लिए निर्देश दिए, इससे लोकार्पण के समय आईपीडी टॉवर (अस्पताल) क्रियाशील (फंक्शनल) स्थिति में हो सके। अधिकारियों को कार्डियालॉजी सेंटर का कार्य 30 नवम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। आईपीडी टॉवर के शेष स्ट्रक्चर कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के लिए संसाधन बढ़ाने के निर्देश दिए है।

दौरे के पश्चात प्रमुख शासन सचिव ने प्रिंसिपल मेडीकल कॉलेज कक्ष में



आईपीडी टॉवर एवं कार्डियालोजी सेंटर के सफल क्रियान्वयन के लिए मेडीकल कॉलेज के डॉक्टर्स एवं जेडीए अधिकारियों की बैठक आयोजित कर आईपीडी टॉवर एवं कार्डियालोजी सेंटर के क्रियाशील (फंक्शनल) होने से पूर्व फैसिलिटी मैनेजमेंट के लिए निविदा (टेंडर) आंमत्रित करने के निर्देश दिए। इसके लिए एसएमएस मेडीकल कॉलेज की ओर से डॉ. दिनेश गौतम एवं जेडीए की ओर से निदेशक अभियांत्रिकी प्रथम देवेन्द्र गुप्ता को अधिकृत किया गया है। एसएमएस अस्पताल में बनाया जा रहा आईपीडी टावर देश का सबसे बड़ा टावर होगा। इस बिल्डिंग में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए 16 लिफ्ट के साथ दो मंजिल पर पार्किंग विकसित की जाएगी। इस परियोजना में 20 ऑपरेशन थिएटर, 100 ओपीडी काउंटर, दो मंजिला बेसमेंट, 1200 बेड, एयर एम्बुलेंस के लिए छत पर हेलीपेड, पहली मजिल पर संगोष्ठी कक्ष, मेडिकल साइंस गैलरी एडमिशन ब्लॉक, दूसरी मंजिल पर रेडियोलॉजी सेवा, डायग्नोस्टिक, एमआरआई सिटी स्कैन, तीसरी मजिल पर छह आईसीयू वार्ड और संबंधित सेवाएं, चौथी मजिल पर पोस्ट और प्रीआपरेटिव वार्ड, न्यूक्लियर मेडिसन, लैब एरिया साथ ही जनरल वार्ड, कॉटेज और डीलक्स रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## दिया कुमारी ने प्रतिष्ठित वंडरलस्ट मैगजीन के अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक





चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी लंदन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में लंदन की प्रतिष्ठित वंडरलस्ट मैगजीन के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। इस बैठक में राजस्थान को वैश्विक स्तर पर एक उत्कृष्ट पर्यटन राज्य के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, विशिष्ट परंपराओं और विविध पर्यटन अनुभवों को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के बारे में विस्तार से चर्चा हुई।

# मोदीकेयर की ओर से 7 मेकअप एवं स्किनकेयर असेन्शियल्स के साथ इस करवा चौथ पाएं बेहतरीन ग्लो

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** करवा चौथ का त्योहार आ गया है, यह प्यार का जश्न मनाने का खूबसूरत मौका है। इस खास दिन पर आप भीतर से और बाहर से चमकना चाहती हैं। जब आप त्योहार के लिए तैयारी कर रही हैं या अपने प्रिय के साथ समय बिताना चाहती हैं, उस समय सही ब्यूटी एवं स्किनकेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर आप सही मायनों में खास महसूस कर सकती हैं। मोदीकेयर लिमिटेड के इन प्रोडक्ट्स को अपनाकर आप अनूठी चमक के साथ अपनी खुशियों को अभिव्यक्त कर सकती हैं। तो आइए जानें इन सात प्रोडक्ट्स के बारे में जो आपके इस करवा चौथ चमकदार ग्लो देंगे!

### होंठ

- **मोदीकेयर अरबन कलर लंदन पावर मैट ट्रांसफर प्रूफ लिक्विड लिप कलर**

» करवाचौथ के मेकअप लुक को बेहतरीन बनाएं, इस बोल्ड लिप कलर के साथ और इतराते हुए परफेक्ट पाउट बनाएं। मोदीकेयर की अरबन कलर लंदन पावर मैटट्रांसफर प्रूफ लिक्विड लिप कलर रेंज बेहतरीन कवरेज और शानदार कलर देती है। विटामिन ई के गुणों इसका नॉन–ड्राइंग फॉर्मूला होठों को नमी और पोषण प्रदान करता है। इसका पिगमेंटेड कलर एक ही स्वाइप में शानदार इफेक्ट देगा और कुशन ऐप्लीकेटर, ऐप्लीकेशन को बेहतरीन बनाएगा। यह लिप कलर बिना स्मज हुए 8 घण्टे तक चलता है। डर्मेटोलोजिकली टेस्टेड, 100 फीसदी वेगन और क्रुएल्टी फ्री लिप कलर 18 वाइब्रेन्ट शेड्स में रु 499 की कीमत पर उपलब्ध है। तो इस गणेश चतुर्थी विटामिन ई की पावर के साथ अपने होठों को पोषण के साथ खूबसूरत लुक देने के लिए तैयार हो जाएं।

### चेहरा

- **मोदीकेयर लिमिटेड अरबन कलर लंदन सिंदूर**

» शादी से जुड़े रीति रिवाजों में सिंदूर का खास महत्व है। सिंदूर लगाकर आप अपनी पार्टनर की सुरक्षा करने, उसे प्यार देने का वादा करते हैं। आप न सिर्फ इस जन्म में बल्कि आने वाले 7 जन्मो में एक दूसरे का साथ निभाने की कसम लेते हैं। अपने रिच, लॉन्ग–लास्टिंग और स्मज–फ्री लुक के साथ मोदीकेयर अरबन कलर लंदन सिंदूर आपके और आपके पार्टनर के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। रु 120 में उपलब्ध यह लॉन्ग–लास्टिंग और स्मज फ्री सिंदूर उपहार देने के लिए बेहतरीन है। यह प्रोडक्ट रैड और मैरून रंगों में आता है। इसके स्पॉन्ज–टिप एप्लीकेटर के साथ इसे लगाना बेहद आसान है, यह एक ही बार में बेहतरीन ऐप्लीकेशन देता है।

- **मोदीकेयर अरबन कलर लंदन मैट एण्ड ग्लो ड्युओ ब्लशर**

» इस करवा चौथ अपनी मेकअप किट को कम्पलीट कीजिए, मोदीकेयर के नए अरबन कलर लंदन मैट एण्ड ग्लो ड्युओ ब्लशर के साथ, एक मेकअप असेन्शियल जो आपके लुक को दिन में स्टनिंग और रात में सेंसेशनल बना देगा। मैट और मैटेलिक शेड्स का यह सयांजन तय करेगा कि आप हर मौके के लिए मिनटों में तैयार हो जाएं। इसकी अडवान्स्ड ऑप्टिकल टेक्नोलॉजी, सभी इम्परफेक्शन्स को दूर कर त्वचा को चमकदार बनाती है और ऐसा एयरब्रश्ड ग्लो देती है, जो एकदम नैचुरल दिखता है। यह लाईटवेट फार्मूला दिन भर आरामदायक महसूस होता है, तो आप आत्मविश्वास के साथ अपनी खूबसूरती पर इतराने लगेंगी। यह ब्लशर दो शानदार वेरिएन्ट्स में आता है– 'मायस्टीरियस' और 'सीक्रेट'। दोनों शेड हर तरह की स्किन टोन पर जाते हैं, और बड़े ही स्मूद तरीके से त्वचा पर ग्लाइड होकर बेहतरीन ब्लेंडिंग देते हैं। यह 100 फीसदी वेगन, डर्मेटोलोजिकली टेस्टेड, पैराबेन और क्रुएल्टी फ्री प्रोडक्ट रु 1150 की कीमत पर उपलब्ध है।

### आंखें

- **मोदीकेयर लिमिटेड गोल्ड कलेक्शन का ब्लैक रॉयल्टी काजल**

» इस करवाचौथ अपने आई गेम को बदल डालिए मोदीकेयर गोल्ड कलेक्शन के ब्लैक रॉयल्टी काजल के साथ! यह काजल सिर्फ एक आई प्रोडक्ट नहीं है; इसके साथ आप आकर्षक लुक क्रिएट कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच सकती है। इसका रिच ब्लैक पिगमेन्ट, वॉटर प्रूफ फॉर्मूला दिन में सटल लुक और शाम के समय ड्रैमेटिक वाईब देता है। यह प्रोडक्ट बिल्ट–इन शार्पनर के साथ आता है, इसकी मदद से आप परफेक्ट विंग या स्मोकी आई क्रिएट कर सकती हैं। रु 799 की कीमत पर उपलब्ध यह प्रोडक्ट आईलाइनर और आईशैडो की तरह काम करता है तथा आसान, हाई–डेफिनिशन ऐप्लीकेशन देता है।

- **मोदीकेयर लिमिटेड अरबन कलर लंदन का हाई डेफिनिशन आई लाइनर**

» इस करवा चौथ मोदीकेयर के हाई डेफिनिशिन आईलाइनर के साथ पाएं ग्लैमरस लुक– जो आपकी आंखों को बोल्ड और बेहतरीन लुक देगा! यह अल्ट्रा–रिच, हाई पिगमेन्ट लिक्विड पैन इंकलाइनर, आधुनिक नो फ्रे मार्कर–टिप के साथ सटीक और बोल्ड लाईन देता है। रु 699 की कीमत पर उपलब्ध यह फॉर्मूला वाटर–प्रूफ, फड एवं रन–रेज़िस्टेन्ट है, जो डांस और सेलेब्रेशन के दौरान घण्टों बेहतरीन लुक देता है। आप सटल या ड्रैमेटिक आई लुक चाहती हैं, तो यह आईलाईनर आपके लिए परफेक्ट है।

- **मोदीकेयर का अरबन कलर लंदन डैज़ल आईशैडो**

» अरबन कलर का डैज़ल आईशैडो, यह परफेक्ट पैलेट है जो इस करवा चौथ आपके स्टाइल में चार–चांद लगा देगा। डैज़ल आईशैडो पैलेट रु 1799 की कीमत में दो शानदार विकल्पों में उपलब्ध है– टिकल मी पिंक और न्यूड पार्टी, इन दोनों पैलेट्स के साथ आप अपनी आंखों को मैट और शिमर फिनिश दे सकती हैं। हाईली पिगमेंटेड, ब्लेंडेबल फॉर्मला, क्रीज़–प्रूफ और लॉन्ग लास्टिंग कलर देता है, बिना केकी फिनिश के आंखों की प्राकृतिक खूबसूरती में निखार लाता है। विटामिन ई– के गुणों से भरपूर यह पैलेट हर तरह की त्वचा के लिए अनुकूल है, साथ ही पैराबेन और क्रुएल्टी फ्री भी है।

### स्किनकेयरः

- **हैम्प लैब रेंज**

» इस करवा चौथ अपने आप को दीजिए मोदीकेयर की हैम्प लैब रेंज का लक्ज़री अहसास, जिसे आपकी त्वचा को पैम्पर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रु 900 की शुरूआती कीमत पर, हैम्प सीड ऑयल और विटामिन सी के गुणों के साथ यह रेंज त्वचा को को पैम्पर कर इसे जवां और खूबसूरत बनाती है। इसका क्विक एब्ज़ॉर्बिंग, लाईटवेट फॉर्मूला त्वचा को तुरत हाइड्रेट कर इसे अनूठी चमक देता है, जो हर मौके के लिए परफेक्ट है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929